RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 153 ● भिलाई, सोमवार 22 दिसम्बर 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### बुर्का खींचने पर महबूबा मुफ्ती की बेटी ने सीएम नीतीश के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**श्रीनगर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुस्लिम महिला का नकाब हटाने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है, बल्कि अब इसने एक गंभीर कानूनी मोड़ ले लिया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी और पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए श्रीनगर के कोठी बाग पुलिस थाने में नीतीश कुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इल्तिजा ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री ने जबरन महिला का नकाब हटाकर उसके सम्मान के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी शिकायत की कॉपी साझा करते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस को टैग किया है और इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है। इल्तिजा मुफ्ती ने अपनी शिकायत में घटना को घृणास्पद करार दिया है। उन्होंने पुलिस को लिखे पत्र में कहा कि वह एक ऐसी घटना की ओर ध्यान खींचना चाहती हैं जिससे मुस्लिम समुदाय, और विशेषकर महिलाओं को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है।

### युवराज-सोनू सूद समेत कई हस्तियों की करोड़ों की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच '1एक्सबेट' से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए क्रिकेट और बॉलीवुड जगत की कई नामचीन हस्तियों को बड़ा झटका दिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सख्त कदम उठाते हुए क्रिकेटर युवराज सिंह, रॉबिन उथप्पा, अभिनेता सोनू सूद और अभिनेत्री नेहा शर्मा समेत अन्य लोगों की संपत्तियों को जब्त (अटैच) कर लिया है। यह कार्रवाई इन हस्तियों द्वारा कथित तौर पर अवैध सट्टेबाजी ऐप का प्रचार करने और विदेशी संस्थाओं से संदिग्ध लेन-देन के चलते की गई है। एजेंसी ने संपत्तियों की जब्ती से पहले इन सभी सितारों से कई दौर की पूछताछ की थी, जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत यह बड़ा एक्शन लिया गया है। इस मामले में ईडी की कार्रवाई का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले एजेंसी ने इसी मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन और सुरेश रैना पर भी शिकंजा कसा था।

### सस्पेंडेड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के सस्पेंडेड डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की कानूनी मुश्किलों में कोई कमी आती नहीं दिख रही है। रिश्वतखोरी और भारी मात्रा में नकदी बरामदगी के मामले में घिरे भुल्लर को अब सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अपनी एफआईआर को रद्द करवाने की उम्मीद लेकर देश की सबसे बड़ी अदालत पहुंचे भुल्लर को बैरंग लौटना पड़ा और उन्हें अपनी याचिका वापस लेनी पड़ी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब उनका मामला पहले से ही हाईकोर्ट में लंबित है।

---

पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला

# किसानों को लाइनों में खड़ा कर दिया, अब हम हालात सुधार रहे..

नामरूप/ एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में 10,601 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 'ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया संयंत्र' की आधारशिला रखी और इस बात पर जोर दिया कि इससे क्षेत्र में औद्योगिक प्रगति का एक नया अध्याय शुरू होगा. असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड (एवीएफसीएल) की वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता 12.7 लाख मीट्रिक टन होगी और इसका संचालन 2030 में शुरू होने की उम्मीद है. मोदी ने अपने दो दिवसीय असम दौरे के अंतिम दिन यहां ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के मौजूदा परिसर में संयंत्र की आधारशिला रखी. प्रधानमंत्री ने परियोजना का अनावरण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने उर्वरक संयंत्रों में प्रौद्योगिकी का आधुनिकीकरण नहीं करने और किसान समुदाय के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की. उन्होंने इसे असम और पूरे पूर्वोत्तर के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि नामरूप और डिब्रूगढ़ का लंबे समय से प्रतीक्षित सपना साकार हो गया और इस क्षेत्र में औद्योगिक प्रगति का एक नया अध्याय शुरू हो गया है. प्रधानमंत्री ने कहा, उर्वरक परियोजना में लगभग 11,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे प्रतिवर्ष 12 लाख मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का उत्पादन होगा. स्थानीय स्तर पर उत्पादन होने से आपूर्ति तेज होगी और रसद लागत में कमी आएगी. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नामरूप संयंत्र से हजारों नये रोजगार व स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे और मरम्मत, आपूर्ति और अन्य संबंधित कार्यों से भी युवाओं को रोजगार मिलेगा.मोदी ने कहा, असम का नामरूप उर्वरक संयंत्र देश के औद्योगिक विकास का प्रतीक बनेगा. यह दुखद है कि कांग्रेस ने संयंत्र के आधुनिकीकरण और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किया. उन्होंने कहा कि नामरूप लंबे समय से उर्वरक उत्पादन का केंद्र रहा है और एक समय यहां उत्पादित उर्वरक पूर्वोत्तर के खेतों को उपजाऊ बनाता था और किसानों की फसलों को सहारा देता था.मोदी ने आरोप लगाया, जब देश के कई हिस्सों में उर्वरक आपूर्ति एक चुनौती थी तब भी नामरूप किसानों के लिए आशा की किरण बना रहा. हालांकि, पुराने संयंत्रों की तकनीक समय के साथ अप्रचलित हो गई और कांग्रेस सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया. उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, नामरूप संयंत्र की कई इकाइयां बंद हो गईं, जिससे पूर्वोत्तर के किसान संकट में पड़ गए और उनकी आय पर बुरा असर पड़ा.प्रधानमंत्री ने कहा, कृषि कल्याणकारी पहलों में से एक यह भी है कि हमारे किसानों को उर्वरक की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए. यह यूरिया कारखाना इस आवश्यकता को पूरा करेगा. मोदी ने कहा कि भारत तभी प्रगति करेगा जब किसान समृद्ध होंगे और भाजपा सरकार ने उनके उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं. उन्होंने कहा, कांग्रेस शासन के दौरान कई उर्वरक कारखाने बंद हो गए थे लेकिन जब हम सत्ता में आए।

### किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोला


प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों ने दशकों तक किसानों की स्थिति को बदतर बनाया, जबकि उनकी सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। पीएम ने कहा कि खाद कारखाने जैसे प्रोजेक्ट न केवल किसानों को सस्ती खाद उपलब्ध कराएंगे, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा देंगे। कांग्रेस शासन के दौरान असम ही नहीं, बल्कि देशभर में कई यूरिया फैक्ट्रियां बंद कर दी गई थीं। इसके चलते किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था और हालात संभालने के लिए कई बार पुलिस तक तैनात करनी पड़ती थी। पीएम मोदी ने कहा कि उस समय किसानों को इतनी परेशानी झेलनी पड़ी कि कहीं-कहीं लाठीचार्ज तक की नौबत आ जाती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने किसानों की जरूरतों को नजरअंदाज किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी डबल इंजन सरकार कांग्रेस के समय पैदा हुई इन समस्याओं को पूरी ईमानदारी से ठीक करने में जुटी है। बीते 11 वर्षों में काफी काम हुआ है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है।

---

बंगाल में ऐसा क्यों बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत?

# न तो मुसलमानों का भला होगा और न हिंदुओं का...

**नई दिल्ली।** निलंबित तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखने के मामले पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाबरी मस्जिद को फिर से बनाने की कोशिश एक राजनीतिक साजिश है, जिसका उद्देश्य विवाद को दोबारा शुरू करना है। यह सब वोटों के लिए किया जा रहा है और इससे न तो मुसलमानों का भला होगा और न ही हिंदुओं का। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा किऐसा नहीं होना चाहिए। मुझे ऐसा लगता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या सरकारी पैसे से धार्मिक स्थल बनाना सही है? तो इसके जवाब



में मोहन भागवत ने कहा कि सरकार को मंदिर या किसी भी धार्मिक स्थल का निर्माण नहीं करना चाहिए, यही नियम है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर का निर्माण सरदार वल्लभभाई पटेल के समय हुआ था, जब वे गृह मंत्री थे। राष्ट्रपति ने उद्घाटन जरूर किया था, लेकिन उसमें सरकारी धन का उपयोग नहीं हुआ था। राम मंदिर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उसका निर्माण सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुआ। अदालत ने सरकार को ट्रस्ट बनाने का निर्देश दिया था, जिसे सरकार ने पूरा किया, लेकिन मंदिर निर्माण के लिए सरकारी पैसा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के निर्माण में जनता ने स्वयं योगदान दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भ्रामक अभियानों के कारण समाज के एक वर्ग में संगठन को लेकर कुछ गलतफहमियां हैं।

### पब में हुई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत, 10 लोग घायल

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के एक पब में शनिवार देर रात बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा की गई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 अन्य लोग घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात एक बजे से ठीक पहले 'बेकर्सडेल' कस्बे में हुई, जो जोहानिसबर्ग से 46 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है. दक्षिण अफ्रीका में तीन सप्ताह में गोलीबारी की यह दूसरी घटना है. पुलिस के अनुसार, एक सफेद मिनी-बस और एक सिल्वर रंग की कार में सवार लगभग 12 अज्ञात संदिग्धों ने बेकर्सडेल के टैम्बो इलाके में स्थित 'क्वानोक्सोलो' पब में ग्राहकों पर गोलियां चलाईं।

जानें आपकी जेब पर कितना असर पड़ेगा

# 26 दिसंबर से बढ़ेगा रेल का किराया......

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे 26 दिसंबर से किराये में मामूली बढ़ोतरी करने जा रहा है। साधारण ट्रेनों में 215 किमी से अधिक की यात्रा पर 1 पैसा और मेल/ एक्सप्रेस ट्रेनों में 2 पैसे प्रति किलोमीटर किराया बढ़ेगा। हालांकि, लोकल ट्रेनों और मंथली पास की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस कदम का उद्देश्य रेलवे की परिचालन लागत को संतुलित करना है।भारतीय रेलवे ने अपने किराये के ढांचे में मामूली बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई दरें 26 दिसंबर से लागू होंगी।



यह बदलाव मुख्य रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रभावित करेगा, जबकि छोटी दूरी और रोजाना सफर करने वालों को राहत दी गई है। साधारण क्लास में 215 किलोमीटर तक की यात्रा करने वालों के लिए किराये में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

---

पीएम मोदी के घुसपैठिए वाले बयान पर कांग्रेस का पलटवार

# नाकामी छिपाने के लिए विपक्ष पर मढ़ रहे है दोष-मल्लिकार्जुन खरगे...

नई दिल्ली। एजेंसी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घुसपैठियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर पलटवार किया है। खरगे ने कहा कि केंद्र और असम दोनों जगह भाजपा की सरकारें हैं, जिसे वे खुद डबल इंजन सरकार कहते हैं। ऐसे में यदि सुरक्षा व्यवस्था में विफलता है तो उसकी जिम्मेदारी विपक्ष पर कैसे डाली जा सकती है? दरअसल पीएम मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त है। वह अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों



को असम में बसाने की कोशिश कर रही है। असम दौरे पर पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, केंद्र में उनकी सरकार है और असम में भी उनकी सरकार है, जिसे वे डबल-इंजन सरकार कहते हैं। अगर वे सुरक्षा देने में असफल हो जाते हैं, तो वे विपक्षी पार्टियों पर आरोप कैसे लगा सकते हैं? जब सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहती है, तो सारा दोष विपक्ष पर मढ़ देती है। मैं ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। खरगे ने आगे कहा, वे राष्ट्रविरोधी हैं, हम नहीं। हम देश के हित में जो भी अच्छा होगा, वह करेंगे, लेकिन हम आतंकवादियों, घुसपैठियों या किसी और का समर्थन नहीं करेंगे। वह सिर्फ दोष दूसरों पर डाल रहे हैं क्योंकि वे उन्हें रोकने में नाकाम रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि असल में सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप कर रही है।

### दुर्घटनावश चली गोली लगने से डीआरजी जवान की मौत

**नारायणपुर.** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में रविवार को दुर्घटनावश चली गोली लगने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक जवान की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह कडे.नार शिविर में उस समय हुई जब सुरक्षार्किमयों का एक दल नक्सल प्रभावित छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के जंगल में चलाए गए अभियान से लौट रहा था. उन्होंने बताया कि यह अभियान शनिवार को शुरू किया गया था. अभियान के बाद गश्ती दल तड़के शिविर में पहुंचा और जब सुरक्षाकर्मी एक वाहन में चढ़ रहे थे तभी गलती से एक हथियार से गोली चल गई.

---

जी राम जी बिल परे केंद्र सरकार को घेरा

# मनरेगा से गांधी का नाम हटाना उनकी दूसरी हत्या-चिदंबरम.....

नई दिल्ली। एजेंसी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम से गांधी का नाम हटाने को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने इसे महात्मा गांधी की दूसरी हत्या करार दिया है। उन्होंने कहा कि संसद से पारित नए कानून के जरिए न सिर्फ गांधी की स्मृति को मिटाने की कोशिश की गई है, बल्कि ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर भी सीधा प्रहार हुआ है। चिदंबरम ने कहा कि 18 दिसंबर को संसद ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका



मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक पारित किया, जो 20 साल पुराने मनरेगा कानून की जगह लेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बदलाव बिना पर्याप्त चर्चा के किया गया और इससे ग्रामीण रोजगार की कानूनी गारंटी कमजोर हो गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी इस कानून का लगातार विरोध करेगी। हालांकि आज ही यानी रविवार को राष्ट्रपति ने इस बिल को मंजूर भी कर दिया है। चिदंबरम ने कहा कि महात्मा गांधी की पहली हत्या 30 जनवरी 1948 को हुई थी और अब उनकी स्मृति को फिर से खत्म करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांधी और नेहरू को सरकारी आदेशों से नहीं मिटाया जा सकता, वे देश की चेतना में बुद्ध और यीशु की तरह जीवित हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा एक मांग आधारित अधिकार था। अगर कोई काम मांगता था तो सरकार कानूनी रूप से उसे काम देने के लिए बाध्य थी।

---

विकसित भारत-जी राम जी विधेयक बना कानून

# राष्ट्रपति द्रौपदी ने दी मंजूरी-अब 125 दिन के काम की गारंटी

नयी दिल्ली/ एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को 'विकसित भारत -जी राम जी' विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी. ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह जानकारी दी. विपक्ष के विरोध के बीच संसद ने वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को पारित किया था. इसका उद्देश्य मौजूदा ग्रामीण रोजगार कानून 'मनरेगा' को प्रतिस्थापित करना है और प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति वित्त वर्ष 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करना है. सरकार के अनुसार, इस नयी योजना का लक्ष्य 'विकसित भारत-2047' के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को आरोप लगाया कि 'विकसित भारत जी राम जी' विधेयक के बारे में गलत सूचना फैलाई जा रही है जबकि यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से एक कदम आगे की योजना है. एक पोस्ट में मंत्री ने कहा कि ग्रामीण रोजगार के लिए पर्याप्त धनराशि सुनिश्चित करने के लिए 'विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण' (वीबी-जी राम जी) योजना के तहत 1,51,282 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया जाएगा. चौहान ने कहा, देश को गुमराह करने की साजिश रची जा रही है और गलत सूचना फैलाई जा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि वीबी-जी राम जी योजना मनरेगा से एक कदम आगे है. मंत्री की यह पोस्ट उसी दिन आई जब विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली. चौहान ने घोषणा की कि नई



योजना में पहले के 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के काम की गारंटी दी गई है. इसके अलावा, बेरोजगारी भत्ते के प्रावधानों को मजबूत किया गया है और विलंबित मजदूरी भुगतान पर मुआवजा दिया जाएगा.उन्होंने कहा, इस योजना के लिए 1,51,282 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है, ताकि रोजगार सृजन के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध हो और गांवों का विकास किया जा सके. उन्होंने कहा, इसमें 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देने के अलावा, यह सुनिश्चित करने का भी प्रावधान है कि कृषि के मौसम के दौरान छोटे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े. यह कानून गरीबों के लिए है. वीबी-जी राम जी योजना का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है, जिसके तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन सभी ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की मजदूरी के रूप में रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी जिनके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं. केंद्र सरकार का कहना है कि नए नियमों से मनरेगा की ढाचांगत कमियों को दूर किया गया है। सबसे पहले तो योजना के तहत रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने का दावा किया गया है।

### सशक्तिकरण और समावेशी विकास पर जोर

सरकार का कहना है कि नए कानून का मकसद केवल रोजगार देना नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना भी है। वीबी-जी राम जी के तहत समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार का दावा है कि यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी। सरकार चाहती है कि ग्रामीण इलाकों में चल रही योजनाएं एक-दूसरे से जुड़कर ज्यादा प्रभावी परिणाम दें। सड़कों, जल संरक्षण, सिंचाई, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कामों को रोजगार से जोड़कर गांवों की तस्वीर बदलने की योजना है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी।

CMYK

# वन्यप्राणी सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम: दुर्ग वृत्त में 'एंटी स्नेयर वॉक' अभियान का शुभारंभ, अवैध शिकार पर कसने की तैयारी








**कवर्धा।** वन्यप्राणियों की सुरक्षा और अवैध शिकार पर प्रभावी नियंत्रण के उददेश्य से छत्तीसगढ़ के दुर्ग वन वृत्त में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में एंटी स्नेयर वॉक फॉर कॉम्बेटिंग वाईल्डलाइफ क्राइम विषय पर वृत्त स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन काष्ठागार सभागार, कवर्धा में किया गया। यह कार्यशाला वन्यप्राणी संरक्षण की दिशा में एक निर्णायक और दूरगामी कदम के रूप में देखी जा रही है। कार्यशाला का आयोजन मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वृत्त एम. मर्सीबेला के मार्गदर्शन में तथा वनमंडलाधिकारी कवर्धा निखिल अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) छत्तीसगढ़, रायपुर माथेश्वरन व्ही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### वन बीट को सशक्त बनाने पर जोर

मुख्य अतिथि माथेश्वरन व्ही ने अपने संबोधन में कहा कि वन्यप्राणी अपराधों को रोकने के लिए प्रत्येक वन बीट को मजबूत और सतर्क बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने मुख्यालय में निवास करने, नियमित गश्त बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा सूचना तंत्र को मजबूत करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उनका कहना था कि घटना के बाद कार्रवाई से बेहतर है, घटना से पहले रोकथाम।

### एंटी स्नेयर वॉक की व्यवहारिक जानकारी

कार्यशाला में नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी, रायपुर के एम. सूरज एवं सिद्धांत जैन द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से एंटी स्नेयर वॉक की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें शिकारियों द्वारा लगाए जाने वाले फांदों (स्नेयर) के प्रकार, उनकी कार्यप्रणाली और उन्हें पहचानकर निष्क्रिय करने की व्यवहारिक विधि को सरल भाषा में समझाया गया। बताया गया कि एंटी स्नेयर वॉक का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्रों को फांदा-मुक्त बनाना है। इस कार्यशाला में दुर्ग वृत्त के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया, ताकि वे अपने-अपने वन क्षेत्रों में इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। कार्यशाला के साथ ही इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

### विभागीय समन्वय से मिलेगी मजबूती

कार्यक्रम में सीएसईबी कबीरधाम के कार्यपालन अभियंता गुरुदयाल सिंह फ्लोरा ने वन क्षेत्रों से गुजरने वाली विद्युत लाइनों में अवैध हुकिंग की समस्या और उसके समाधान पर प्रकाश डाला। उन्होंने वन विभाग और विद्युत विभाग के बीच संयुक्त बैठक एवं व्हाट्सएप समूह के माध्यम से समन्वय स्थापित करने का सुझाव दिया, जिससे वन्यप्राणियों की मृत्यु जैसी घटनाओं को रोका जा सके। वहीं साइबर सेल कवर्धा के सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी ने मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के माध्यम से अपराधियों की पहचान की प्रक्रिया की जानकारी दी। अधिवक्ता निमिष कुमार शर्मा ने अवैध शिकार से जुड़े विधिक प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए सख्त कानूनों की जानकारी साझा की।

### सामूहिक प्रयास से मिलेगा ठोस परिणाम

कार्यक्रम के समापन पर वनमंडलाधिकारी कवर्धा निखिल अग्रवाल ने कहा कि वन विभाग, पुलिस, विद्युत विभाग, सामाजिक संगठनों और विधिक विशेषज्ञों के आपसी समन्वय से एंटी स्नेयर वॉक अभियान को सफल बनाया जा सकता है। इससे वन्यप्राणियों की सुरक्षा को स्थानीय से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक मजबूती मिलेगी। कार्यशाला में दुर्ग वृत्त के अंतर्गत सभी वनमंडलों के उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, कवर्धा वनमंडल के समस्त अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यशाला न केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम रही, बल्कि छत्तीसगढ़ में वन्यप्राणी संरक्षण को नई दिशा देने वाला राष्ट्रीय महत्व का अभियान साबित होने की ओर अग्रसर है।

# बैंगलौर ने जबलपुर को दी 6-2 से करारी शिकस्त झारखंड ने अकोला महाराष्ट्र को 2-1 से दी मात

### अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा का चरमोत्कर्ष



**डोंगरगांव नगर।** नगर के जनसहयोग खेल मैदान में जारी अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा में रोमांच का चर्मोत्कर्ष हो गया है। लीग राउंड पैटर्न से जारी स्पर्धा के दूसरे दिन के दोनों मैच रोमांचक रहे। बैंगलौर ने तेजी दिखाते हुए दनादन 6 गोल दाग दिए। वहीं अकोला टीम लीग राउंड में लगातार दूसरे मैच में भी हार गई। लगभग 10 वर्षो के बाद फुटबॉल स्पर्धा होने से खेलप्रेमियों में जबर्दस्त उत्साह देखा का रहा है। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल स्पर्धा के पहले मैच के शुभारंभ मौके पर पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा एवं प्रदेशाध्यक्ष छग प्रदेश साहू संघ डॉ नीरेंद्र साहू ने शिरकत कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अतिथियों ने आयोजन को फुटबॉल की नर्सरी के लिए संजीवनी करार दिया। दूसरे मैच में सांसद संतोष पांडेय के साथ प्रेस क्लब डोंगरगांव के पत्रकारों ने शुभारंभ मौके पर शिरकत की। मध्यांतर में खिलाड़ियों ने परिचय प्राप्त किया। प्रेस क्लब की ओर से संरक्षक बालकृष्ण सिन्हा ने आयोजन को लेकर विचार व्यक्त करते हुए सागर वर्मा एवं टीम की सराहना करते हुए अभा फुटबॉल स्पर्धा को प्रतिवर्ष अनवरत जारी रखने सांसद से गुजारिश की। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी, सचिव दिवाकर सोनी, कोषाध्यक्ष राजा राणा, उपाध्यक्ष गोविंद गुप्ता, घनश्याम साव, टिंकू देवांगन, टूम्मन साहू, प्रकाश गुप्ता देवेंद्र गुप्ता सम्मिलित हुए। उक्त अवसर पर नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, हेमंत चोपड़ा, सतीश पांडेय, पुरुषोत्तम साहू, सागर वर्मा सहित लगभग हजारों की तादाद में दर्शक मौजूद थे।

### मैच का लाईव टेलीकॉस्ट

पहले मैच जबलपुर व बैंगलौर के मध्य हुआ। बैंगलौर में जबलपुर को 6-2 से शिकस्त दी। मैन ऑफ दी मैच बेंगलूर के रोहित रहे। दूसरे मैच में झारखंड ने अकोला महाराष्ट्र को 2-1 के अंतर से पराजित किया। मैन ऑफ दी मैच झारखंड के मनीष रहे। पहले मैच के रेफरी रोबी डेविड, लाइनमैन विनय व उमेश समुन्द्रे, फोर्थ रेफरी कृष्ना रहे। दूसरे मैच में रेफरी विजय आनंद, लाइनमैन उमेश समुन्द्रे व आकाश शाहनी, फोर्थ रेफरी राज सिंह रहे। मैच जम्मू कश्मीर व झारखंड तथा दूसरा मैच कोंडागाँव बस्तर व बीएफसी रायपुर के मध्य होगा।

# बाबा की जयंती पर सतनाम भवन का लोकार्पण मारगांव एवं केशला में घासीदास जयंती समारोह

### बाबा के संदेश में समरसता का सद्मार्ग : टिकेश



**डोंगरगांव नगर।** जनपद पंचायत क्षेत्र के मारगांव व केशला में सतनामी समाज के आराध्य गुरु घासीदास की 269 वीं जयंती समारोह आयोजित हुई। समारोह में पुर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं विधायक प्रतिनिधि टिकेश साहू मुख्य अतिथि बतौर सम्मिलित हुए। इस मौके पर उन्होंने केशला में सतनाम भवन का लोकार्पण किया। मारगांव में जैतखम्भ में ध्वज चढ़ाया। उक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि टिकेश साहू ने सतनामी समाज के अनुयायियों को गुरु बाबा के जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने मानव समाज मे समरसता सन्देश दिया। बाबा के मनखे मनखे एक समान के सन्देश की वजह से ही हम सर्वसमाज एक मंच पर बैठ रहे हैं। साहू ने कहा कि पंथी नृत्य गुरु महिमा की बखान के साथ ही गुरु सन्देश के भावों को सुर ताल के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का सरल माध्यम है। उन्होंने गुरु के बताए सदमार्ग में चलने आव्हान किया। मारगांव में समारोह की अध्यक्षता जनपद सदस्य कुमान सिंह नेताम ने की। विशिष्ट अतिथि सरपँच राधा कंवर, आत्माराम सिन्हा, पुनाराम सिन्हा सहित कौशल लहरे, देवप्रसाद मार्कण्डेय, चुम्मन साहू, खेलन जांगड़े सहित अन्य उपस्थित थे। इसी प्रकार केशला में सतनाम भवन लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता क्रांति बंजारे ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच त्रिवेणी कमरिया, सरपँच रानी राजू सहित कुंभ जोशी, नेतराम, बसंत साहू, मुन्ना पाल सहित सतनामी समाज के अनुयायी महिला व पुरुष बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

# कांग्रेस द्वारा भाजपा कार्यालय का किया घेराव




**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व मे नेशनल हेराल्ड मामले में न्यायालय द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को क्लीन चिट दिए जाने के बाद सैकड़ों की संख्या मे भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। राजीव भवन से रैली की शक्ल मे भाजपा कार्यालय घेराव के लिए निकले कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। भाजपा कार्यालय के सामने बड़ी संख्या मे उपस्थित पुलिस और कांग्रेस जनों के बीच झूमझटकी होती रही। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह से राजनैतिक द्वेष से प्रेरित है और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। मामले मे न्यायालय कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्यवाही को अवैध और दुर्भावना पूर्ण करार दिया है ,न्यायालय ने साफकहा है कि ईडी के पास इस मामले में ना तो वैध एफआईआर है और ना ही क्षेत्राधिकार ऐसे मे जांच की कार्यवाही कानून के दायरे से बाहर है इस अवसर पर सुरेंद्र तिवारी ललित विश्वकर्मा मंगत साहू प्रांजल तिवारी रवि परगनिहा सुमन गोस्वामी मिथिलेश वर्मा ओम दाऊ कविता साहू रीता पांडे हरीश साहू बालकुमारी ध्रुव शकुंतला साहू राजू साहू मनोज शर्मा नवाज खान सनत धर दिवान रश्मि मिश्रा प्रकाश ठाकुर टोकेश्वर साहू जोगेंदर छाबड़ा रवि रजक प्रवीण शर्मा नवीन ताम्रकार रुबी सलूजा हेमिन यादव सहित कांग्रेसी सभी कांग्रेस प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# विभिन्न जगह गुरु घासीदास जयंती उत्सव में शामिल हुए आशीष छाबड़ा



बेमेतरा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर बेमेतरा शहर के जोड़ा जैतखाम स्थल पर मनाया जा रहे गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में पहुंचे। साथ ही साथ पूर्व विधायक ने सतनाम भवन बेमेतरा तथा नगर पंचायतबेरला में भी गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर पहुंचकर अपना शीश झुकाते हुए प्रणाम किया। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मनखे के मनखे के एक समान का मानव समाज को सीख देने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक और हम सभी के गुरु घासीदास का जीवन मानवता के कल्याण के लिए रहा उन्होंने जो रास्ते हमें दिखाएं हैं वह हमारे जीवन कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। बाबा के रास्ते पर चलकर ही हम आपसी सामाजिक समरसता तथा उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकेंगे जाति-पाति उच्च नीच बड़े छोटे का विचार छोड़कर हम सभी को यह समझना होगा कि सभी मानव एक समान है और ईश्वर ने हम सभी को यह जीवन आपस में मिलजुल कर आपसी सौहार्दता के साथ रहने और विकास करने के लिए दिया है। आज के समय में दुनिया जिस ओर बढ़ रही है और समाज में जिस तरह से वैमनस्यता फैल रही है उसको देखते हुए गुरु घासीदास के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलना ही श्रेष्ठ है।

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी लोगों को गुरु घासीदास जयंती की बधाइयां अपनी ओर से प्रेषित की। इस अवसर पर टी आर जनार्दन राजेश नौरंगे आगर दास डेहरे ललित विश्वकर्मा सुमन गोस्वामी राजेश दुबे सुनील जैन राजू साहू चंद्र प्रकाश शीतलानी नारायण छाबड़ा मनोज शर्मा शकुंतला मंगत साहू हेमीन यादव सुमित राजपूत रास बिहारी कुर्रे जितेंद्र जोशी राजेश चंदेल सहित बड़ी संख्या में समाजिक बंधुगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नगर विकास को लेकर पीआईसी की हुई अहम बैठक



बेमेतरा। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में पी.आई.सी. (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर विकास से जुड़े विभिन्न मुददों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान नगर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य विकास कार्यों को गति देने पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष विजय सिन्हा ने सभी सदस्यों से नगरहित में समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना प्राथमिकता है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे, जिन पर शीघ्र अमल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा उपाध्यक्ष अशोक शर्मा पंचू साहू सभा पति गौरव साहू विकाश तम्बोली नीतू कोठारी सभा पति आकिब मालकानी राजकुमार खांडे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सत्य, अहिंसा और समानता से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव : विधायक दीपेश साहू



**बेमेतरा।** प्रगति शील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बहुनावागांव बेमेतरा द्वारा गुरु घांसी दास के जयंती के अवसर पर जयंती समारोह एवं विशाल सतनाम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे बहु नवागांव स्थित सतनाम भवन मे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप मे नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा उपस्थित रहे। सर्वप्रथम विधायक साहू सहित अतिथियों ने सतनाम धर्म के प्रतिक जैतखाम की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया और सतनामी समाज के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही उन्होंने ध्वजा रोहण कार्यक्रम मे भी शामिल हुए और समस्त जिले और प्रदेशवासियो को बाबा गुरु घांसी दास की जयंती की बधाई एवं शुभकामनायें दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि गुरु घासीदास केवल एक संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने ऐसे समय में समाज को सत्य, अहिंसा और समानता का मार्ग दिखाया, जब समाज अनेक प्रकार की कुरीतियों और भेदभाव से ग्रस्त था। गुरु घासीदास जी का अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान समाज को जोड़ने और मानवता की रक्षा करने का सशक्त सूत्र है विधायक साहू ने कहा कि गुरु घासीदास जी ने जाति, ऊँच-नीच और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज बुलंद कर समाज को नई दिशा दी। उन्होंने लोगों को आत्मसम्मान, नैतिकता और परिश्रम के महत्व से परिचित कराया। आज आवश्यकता है कि हम सभी उनके विचारों को केवल स्मरण तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने आगे कहा कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारा ही किसी भी राष्ट्र की मजबूती की नींव होते हैं। गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त, शिक्षित और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। विधायक साहू ने युवाओं से आह्वान किया कि वे गुरु घासीदास जी के विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, सेवा और संस्कार के मार्ग पर आगे बढ़ें तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। सम्बोधन के अंत मे उन्होंने आयोजन समिति को इस प्रेरणादायी आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता का संचार करते हैं। कार्यक्रम मे पार्षद पंचूराम साहू, पार्षद राजकुमार खांडे, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रेवा राम निषाद,योगेश वर्मा, गोलू कोशले, कमलेश वर्मा, सरपंच परमेश्वर साहू, अर्जुन ठाकुर, अध्यक्ष राजा लाल बंजारे, लखन लाल टोंन्ड्रे कुंजराम टोंड्रे, प्रेमदास दोहरे, देवीचंद डेहरे, हिरऊ जांगड़े, कमलेश डिंडे, राजकुमार सोनवानी, सत्यनारायण, राजेंद्र घृतलहरे सहित समस्त सतनामी समाज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सतनाम समाज के अनुयायी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र चिखलाकसा के समिति प्रबंधक को निर्धारित मात्रा से अधिक धान खरीदी करने पर समिति प्रबंधक भगवान सिंह ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर मिश्रा द्वारा धान खरीदी केन्द्र चिखलाकसा में 04 अलग-अलग बोरों की धान की तौलाई करने पर प्रत्येक बोरों में धान की निर्धारित मात्रा 40 किलो 680 ग्राम से अधिक लगभग 41 किलो ग्राम धान पाया गया। इस पर कलेक्टर मिश्रा ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए समिति प्रबंधक भगवान सिंह ठाकुर एवं धान खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के गैंजी, कोटागांव, भर्रीटोला, घोटिया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया।

# प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी में अमन यादव को मिली खेल एवं कला सह-प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी



**दल्लीराजहरा।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस नई टीम में दल्ली राजहरा (चिखलाकसा) निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं युवा नेतृत्वकर्ता अमन यादव को प्रदेश खेल एवं कला सह-प्रमुख की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर अमन यादव ने प्रदेश भाजपा एवं भाजपा युवा मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सौंपे गए दायित्व का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदेश के खिलाड़ियों तक पहुँचाने का कार्य किया जाएगा तथा छत्तीसगढ़ में खेल एवं कला के क्षेत्र में एक सकारात्मक एवं प्रोत्साहनकारी वातावरण निर्मित किया जाएगा, जिससे प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन कर सकें। उल्लेखनीय है कि अमन यादव पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ में प्रदेश पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। इसके साथ ही वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में भी प्रदेश सह-मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उन्होंने पूरे प्रदेश के खिलाड़ियों के साथ मिलकर खिलाड़ियों के अधिकारों के लिए सड़क पर उतरकर लंबी लड़ाई लड़ी थी। साथ ही भाजपा युवा मोर्चा के संगठनात्मक कार्यों में भी उनकी सक्रिय और प्रभावी भूमिका रही है। अमन यादव की इस नियुक्ति पर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन के कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश के खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# आईटीआई बेरला में बाल विवाह मुक्त भारत पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बेमेतरा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बेरला में आज महिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के संयुक्त तत्वावधान में ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के दुष्परिणामों एवं इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विद्यानंद बोरकर, परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरला, श्री व्योम श्रीवास्तव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा तथा श्री पवन कुमार साहू (अधिकार मित्र), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा ने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है।

# प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

**बेमेतरा।** नगर स्थित प्री-मैट्रिक अनुसूचित जनजाति छात्रावास में बाबा गुरु घासीदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अपने संबोधन में बाबा गुरु घासीदास के सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के संदेशों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद पंचू साहू, वैभव तिवारी सहित छात्रावास के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, जिनकी उपस्थित जनसमूह ने सराहना की। अंत में सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध मसाला शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर के तेलीबांधा इलाके में अवैध मसाला शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम सुनील निषाद पिता जगमोहन निषाद उम्र 33 वर्ष साकिन लाभाण्डी स्टार चौक के पास थाना तेलीबांधा जिला रायपुर छ.ग.है। जप्ती 30 पौवा देशी मसाला मदिरा शेरा किमती 3000 रू हैं। मुखबीर मिली सूचना के आधार पर आबकारी भवन सूरज नगर रोड के पास लाभाण्डी में रेड कार्यवाही एवं घेराबंदी कर संदेही युवक को पकडा गया, आरोपी युवक के कब्जे में रखे लाल रंग के थैला की तलाशी लेने पर थैला के अन्दर 30 पौवा देशी मशाला मदिरा ब्राण्ड शेरा किमती 3000 रू मिलने पर जप्तकर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

### रायपुर रेलवे स्टेशन के पास कोकीन तस्करी का खुलासा, 80 लाख की नशीली खेप जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में नशे के बढ़ते कारोबार का एक और मामला सामने आया है। रेलवे स्टेशन क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 16.56 ग्राम कोकीन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 80 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, गंज थाना क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्टेशन के बाहर एक युवक नशीले पदार्थों की बिक्री के लिए मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और संदेही युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से कोकीन बरामद हुई। फिलहाल गंज थाना पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक नए साल के जश्न को देखते हुए नशीले पदार्थों की सप्लाई करने आया था। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी बड़े नशा तस्करी गिरोह से जुड़ा है या नहीं। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

### गोडाउन से लाईट चोरी करने वाले दो नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के देवेन्द्र नगर थानाक्षेत्र के सुनिता हाईट्स स्थित दुकान बेदा डेगो लाईट्स के देवेन्द्र नगर सेक्टर 05 गोडाउन से हजारों रूपयों की लाईट चोरी करने वाले दो नाबालिग समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 40 डिब्बा लाईट जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विमल साहेवाल ने थाना देवेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका देवेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत सुनिता हाईट्स में बेदा डेगो लाईट्स के नाम से फैंसी लाईट का शो रूम है, जिसे वह संचालित करता है तथा प्रार्थी का गोडाउन ई 204 देवेन्द्र नगर सेक्टर 05 में है। दिनांक 13-14 दिसंबर की दरम्यानी रात्रि कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के गोडाउन के प्रथम तल दरवाजे के हेण्डल का लॉक तोड़कर गोडाउन से विभिन्न प्रकार कुल 69 डिब्बा लाईट को चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की उक्त घटना को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुये प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर को अज्ञात आरोपी की जल्द से जल्द पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

मनखे-मनखे एक समान' का विचार विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत आधारशिला

# बाबा गुरु घासीदास का संदेश मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक-साय

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सारंगढ़ स्थित गुरु घासीदास ज्ञान स्थली, पुष्पवाटिका में आयोजित तीन दिवसीय संत गुरु घासीदास रजत जयंती समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने ज्ञान स्थली में स्थापित जैतखाम में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक थे। उनका अमर संदेश मनखे-मनखे एक समान सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और भाईचारे की सुदृढ़ नींव रखता है। उन्होंने कहा कि जिस दौर में समाज छुआछूत, भेदभाव और रूढ़ियों से जकड़ा हुआ था, उस समय बाबा गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा और समानता का निर्भीक संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और न्याय पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को बीते दो वर्षों में धरातल पर उतारा गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रदेश में धान का रकबा और किसानों की संख्या दोनों में वृद्धि हुई है, जो कृषि क्षेत्र में सरकार की नीतियों के प्रति किसानों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। सरकार प्रत्येक पात्र किसान से धान खरीदी के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से राज्य की लगभग 70 लाख महिलाओं को लाभ मिल रहा है, जिससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएससी भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल सके। नई औद्योगिक नीति के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के बेटा-बेटियों को उद्यमिता के अवसर



उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह नीति न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि सामाजिक न्याय को भी सशक्त कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी समाज वर्गों से संत गुरु घासीदास बाबा के विचारों को आत्मसात करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मनखे-मनखे एक समान का विचार सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे की अडिग आधारशिला है। उन्होंने बताया कि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पूरे विश्व में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में अनुसूचित जाति समाज के विकास को नई गति मिली है। गिरौदपुरी धाम के सर्वांगीण विकास के अंतर्गत जैतखाम, मंदिर परिसर, अमृत कुंड, छाता पहाड़ तक सड़क, सीढ़ियों एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर तक शेड निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये तथा अन्य विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त भंडारपुरी धाम के विकास हेतु 17 करोड़ 11 लाख 22 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे वहां अधोसंरचना संबंधी कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति समाज के उत्थान हेतु प्रत्येक वर्ष पांच प्रतिभावान युवाओं को पायलट प्रशिक्षण के लिए 15-15 लाख रुपये की सहायता देने का निर्णय भी लिया गया है। समारोह को राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सांसद श्री राधेश्याम राठिया, विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय भूषण पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री निर्मल सिन्हा, डॉ. छबिलाल रात्रे, श्रीमती केराबाई मनहर, सुश्री कामदा जोल्हे, श्रीमती ज्योति पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## धान की कीमत ने बढ़ाया किसान युगल का हौसला

- साढ़े सात एकड़ की खेती से संवर रहा परिवार का भविष्य

रायपुर। संवाददाता

छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों और समर्थन मूल्य पर सुदृढ़ धान खरीदी व्यवस्था ने प्रदेश के किसानों के जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मविश्वास का नया संचार किया है। शासन द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी तथा समय पर भुगतान से किसानों का खेती के प्रति भरोसा और उत्साह दोनों बढ़ा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण ग्राम फेकारी के प्रगतिशील किसान युगल किशोर साहू हैं, जिनकी मेहनत और शासन की नीतियों के समन्वय से परिवार का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है। दुर्ग जिले के ग्राम फेकारी निवासी किसान युगल किशोर साहू ने बताया कि वे लगभग साढ़े सात एकड़ भूमि में धान की खेती करते हैं। इस वर्ष शासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं के चलते उन्होंने अपनी फसल समर्थन मूल्य पर बेची, जिससे उन्हें संतोषजनक और सुरक्षित आय प्राप्त हुई। उनके चेहरे पर दिखती मुस्कान खेती से मिली आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की कहानी स्वयं बयां करती है। श्री साहू ने बताया कि खेती से प्राप्त आय का उपयोग वे परिवार के सामाजिक और घरेलू दायित्वों को पूरा करने में कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आय से वे नए घर का निर्माण कार्य पूर्ण कर रहे हैं। साथ ही बच्चों के विवाह, छट्ठी जैसे पारिवारिक आयोजनों का खर्च भी अब बिना किसी आर्थिक दबाव के आसानी से वहन कर पा रहे हैं।

## वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल से रायगढ़ को मिली बड़ी सौगात

- रायगढ़ जिले में पावर कंपनी का नया शहर संभाग तथा धरमजयगढ़ में नय संभाग शुरू करने की मिली मंजूरी, आदेश जारी

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में रायगढ़ जिले के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लिया गया है। प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी. चौधरी के सतत प्रयासों से जिले में पावर कम्पनी के नए शहर संभाग



तथा धरमजयगढ़ में नए संभाग की स्थापना के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस निर्णय से शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और उपभोक्ता-हितैषी बनाया जाएगा। छ.ग.रा.विद्युत मंडल रायगढ़ के अधीक्षण अभियंता श्री गुंजन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ शहर में विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या और अधोसंरचना को देखते हुए लंबे समय से एक अलग शहर संभाग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। वर्तमान में रायगढ़ शहर में लगभग 54 हजार निम्नदाब उपभोक्ता, 56 उच्चदाब विद्युत उपभोक्ता, 33/11 के.व्ही. के 17 उपकेंद्र, 1521 ट्रांसफार्मर एवं 232 किलोमीटर 11 केवी लाइन विद्यमान हैं। इतनी विशाल व्यवस्था का संचालन अब तक केवल दो जोन कार्यालयों के माध्यम से किया जा रहा था, जिससे उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण में विलंब होता था। इस मूलभूत समस्या को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने बताया स्वयं पहल कर जिले के नागरिकों के लिये विद्युत समस्याओं के निराकरण हेतु रायगढ़ में नये शहर संभाग तथा सुदूर वन क्षेत्र धरमजयगढ़ में नये संभाग की सौगात दी है।

## आर्थिक सशक्तिकरण से बदलती ग्रामीण महिलाओं की तस्वीर



- आर्थिक सशक्तिकरण से बदलती महिलाओं की तस्वीर
- इससे वे अपने परिवार की शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को सहजता से पूरा कर पा रही हैं

रायपुर/ संवाददाता

महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मसम्मान तथा समाज में उनकी निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में उभर रही है। यह योजना महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ स्वरोजगार एवं आजीविका के नए अवसरों से जोड़ रही है। प्रतिमाह प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग कर महिलाएं छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर रही हैं, जिससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि परिवार और समाज में उनकी सशक्त पहचान भी बन रही है। जांजगीर-चांपा जिले के तहसील मुख्यालय चांपा के वार्ड क्रमांक 02 की निवासी श्रीमती उर्मिला यादव ने हर महीना महतारी वंदन योजना के अंतर्गत मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि को बचाकर आर्टिफिशियल गहनों का व्यवसाय प्रारंभ किया। वर्तमान में वे घर से तथा साप्ताहिक हाट-बाजारों में गहनों का विक्रय कर प्रतिमाह लगभग 2000 रुपये की अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने लगी है। चांपा की ही श्रीमती ज्योति कसेर ने योजना की सहायता राशि से पापड़ व्यवसाय शुरू किया, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 5000 रुपये का लाभ प्राप्त हो रहा है। इससे वे अपने परिवार की शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को सहजता से पूरा कर पा रही हैं। ग्राम सरहर की श्रीमती सुमित्रा कर्ष ने भी योजना से प्राप्त राशि से श्रृंगार सामग्री की दुकान प्रारंभ की, जिससे उन्हें वर्तमान में प्रतिमाह लगभग 1000 रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है। वहीं श्रीमती कुसुम देवी पाण्डेय ने बचत राशि से श्रृंगार दुकान का विस्तार किया है, जिससे उन्हें हर महीने 2000 रुपये का मुनाफा होने लगा है।

## रमन सिंह ने कहा........फरवरी के आखिरी हफ्ते में पेश होगा बजट

रायपुर। संवाददाता

विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने बजट की संभावित तारीख घोषित की, फरवरी के आखिरी हफ्ते में पेश होगा छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बजट 2026-27 की संभावित तारीख घोषित कर दी है. फरवरी के आखिरी सप्ताह में बजट पेश किया जाएगा। 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सत्र के समापन पर जानकारी देते हुए बताया कि सत्र में कुल 5 बैठकें आयोजित की गईं। सत्र के पहले दिन कार्यवाही पुराने विधानसभा भवन में हुई, जबकि दूसरे कार्यदिवस से नई विधानसभा में



कार्यवाही शुरू की गई। एक ही सत्र का 2 अलग-अलग भवनों में आयोजन होना छत्तीसगढ़ विधानसभा के इतिहास में पहली बार हुआ, जिसे अध्यक्ष ने यादगार और ऐतिहासिक उपलब्धि बताया. डॉ. रमन सिंह ने बताया कि सदन में 'विजन 2047' को लेकर सदन में सार्थक और व्यापक चर्चा हुई, जिसमें राज्य के भविष्य के रोडमैप पर मंथन किया गया. शीतकालीन सत्र होने के बावजूद कई अहम मुद्दों पर उपयोगी बहस हुई और अनुपूरक बजट सहित महत्वपूर्ण विधायी कार्य पूरे किए गए। 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भी सदन में चर्चा हुई। सत्र की 5 बैठकों में कुल 35 घंटे 33 मिनट तक कार्यवाही चली. इस दौरान तारांकित 333 और अतारांकित 295 समेत कुल 628 प्रश्न प्राप्त हुए, जिनमें 11 पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए। इसके अलावा 232 ध्यानाकर्षण सूचनाएं मिलीं, जिनमें से 70 स्वीकार की गईं और 20 को शून्यकाल में परिवर्तित किया गया, जबकि 101 स्थगन सूचनाएं और 196 याचिकाएं सदन में प्रस्तुत की गईं, जिनमें 36 याचिकाएं स्वीकार की गईं।

## पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना में निरंतर वृद्धि.......

- जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से बढ़ा जनविश्वास, आमजन हो रहे हैं प्रेरित

**रायपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में सोलर प्लांट स्थापित कराने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज जनप्रतिनिधियों एवं नगर निगम के पदाधिकारियों के लिए एक जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से कार्यपालन अभियंता, उरला संभाग प्रवीण कुमार शर्मा द्वारा कार्यशाला के दौरान पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना की विशेषताएं, लाभ, अनुदान व्यवस्था एवं आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के पश्चात कई जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने निजी निवासों पर सोलर प्लांट स्थापित करने में रुचि व्यक्त की गई, जिससे योजना को लेकर आमजन के बीच सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। योजना के प्रचार-प्रसार को सुदृढ़ करने हेतु उरला संभाग अंतर्गत विगत 11 माह की अवधि में 41 से अधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को समयबद्ध एवं सरल प्रक्रिया के माध्यम से योजना का लाभ दिलाने के लिए वेंडर एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ नियमित समन्वय बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं।

निगम क्षेत्र में मिली विकास को अपेक्षित गति

# प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है राज्य सरकार

- निगम के बालको जोनांतर्गत 08 वार्डो में होंगे 02 करोड़ 61 लाख रू. के विकास कार्य , 08 लाख रू. से नवनिर्मित सामुदायिक मंच भी मिला चेक पोस्टवासियों को

रायपुर/ संवाददाता

नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 38, 39, 40, 41, 42, 43,46 व 47 में 02 करोड़ 61 लाख रूपये के विकास कार्य कराए जाएंगे। आज प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों में इन विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके करकमलों के द्वारा किया गया, वहीं वार्ड क्र. 38 चेकपोस्ट लालघाट में 08 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक मंच का लोकार्पण भी उनके हाथों सम्पन्न हुआ। इस मौके पर निगम के सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित निगम के पार्षद व जनप्रतिनिधिगण विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 38 अंतर्गत रिसदा में 30 लाख रूपये की लागत से सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण, वार्ड क्र. 38 चेकपोस्ट भदरापारा ईश्वर साहू मोहल्ला में लूडी हैम्ब्रो घर से स्व.पवन पटेल घर तक 10 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 38 अंतर्गत अमरसिंह होटल के पास 08 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 38 अंतर्गत चेकपोस्ट भदरापारा ईश्वर साहू मोहल्ला में माखन यादव के घर से नदी तक 14 लाख 50 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 39 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में 30 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 46 परसाभांठा बालको नवधा पण्डाल के पास 15 लाख रूपये की लागत से किचन शेड व कक्ष का निर्माण किया जाना हैं। इसी



प्रकार वार्ड क्र. 40 पाड़ीमार क्र. 01 शास.प्रा.शाला परसाभांठा एवं प्राथमिक शाला रिसदा में 20 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण, वार्ड क्र. 40 अंतर्गत पाड़ीमार बालको चिंतामणी साहू के घर से स्वास्थ्य केन्द्र तक 05 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 36 पाड़ीमार बालकोनगर में 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड क्र. 41 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में 25 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 41 अंतर्गत पाड़ीमार क्र. 02 पार्षद घर के पीछे तालाब के चारों ओर 15 लाख रूपये की लागत से सी.सी.रोड निर्माण एवं उन्नयन कार्य किए जाने हैं। इसी प्रकार वार्ड क्र. 42 अंतर्गत बालकोनगर दैहानपारा स्थित शिव मंदिर के पास 15 लाख रूपये की लागत से तालाब का जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड क्र. 42 दैहानपारा राखड़ डेम के पास 27 लाख 70 हजार रूपये की लागत से एस.एल.आर.एम.सेंटर का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 43 कैलाशनगर में 20 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण तथा वार्ड क्र. 45 अंतर्गत स्थित शासकी माध्यमिक शाला रूमगरा में 16 लाख 83 हजार रूपये की लागत से नवीन शाला भवन का निर्माण कार्य किया जाना हैं, जिनका भूमिपूजन आज सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश में सुशासन, सुरक्षा, विकास व अधिकतम जनकल्याण की गारंटी हैं, वे विगत 11 वर्षो से देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं, इस दौरान विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है, देश सशक्त, सुरक्षित व विकसित हुआ है, विकास की रफ्तार बढ़ी है तथा देश के लोगों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास बढ़ा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में राज्य में सुशासन स्थापित हुआ है तथा भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन की हमारी संकल्पना साकार हुई है। उन्होने कहा कि विगत 11 वर्षो से श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं, 15 वर्षो तक डॉ.रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहें तथा 02 वर्ष से श्री विष्णुदेव साय की सरकार है किन्तु इस पूरी अवधि में कभी कोई भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे।

## संपादकीय

# मशीन पर इंसान की निर्भरता हो सकती है घातक

कोई भी तकनीक अगर मनुष्य के लिए सहयोगी की भूमिका में है, तो वह बेशक फायदेमंद हो सकता है, लेकिन वह अगर निर्भरता का मामला बनता है तो उसके घातक नतीजे भी सामने आ सकते हैं। इस लिहाज से देखें तो समूची दुनिया में इंटरनेट के तेजी से विस्तार के साथ मनुष्य को अपने जीवन के विविध पक्षों के लिए बहुस्तरीय सुविधाएं मिली हैं, लेकिन इसके नए स्वरूप ने कुछ ऐसी स्थितियां भी पैदा की हैं, जिससे पार पाना अब एक अहम चुनौती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ के अलग-अलग मंचों ने आज हरेक विषय पर जानकारी हासिल करने से लेकर कई स्तर पर अपनी उपयोगिता की वजह से व्यापक जगह बना ली है। इसी क्रम में एक पहलू इस तकनीक के साथ संवाद भी है, जहां किसी व्यक्ति के अमूमन हर तरह के सवाल का जवाब मिल सकता है। यह अलग बात है कि उसके सही या गलत होने की परख के लिए इंसान को अपने विवेक को सजग रखना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की इस खासियत का प्रचार-प्रसार तो बहुत हुआ, लेकिन इसकी सीमाओं के बारे में ज्यादातर लोगों के पास ठोस जानकारी और उसके उपयोग के लिए उचित प्रशिक्षण नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि कई बार लोग और खासतौर पर बच्चे एआइ के साथ संवाद के क्रम में उलझ जाते हैं या फिर भ्रम का शिकार होकर कोई प्रतिगामी कदम भी उठा लेते हैं। कोई आनलाइन गेम खेलते हुए बच्चों के आत्महत्या कर लेने की खबरें पहले भी आती रही हैं, लेकिन अब कुछ मामलों में एआइ से संवाद को हत्या तक के लिए जिम्मेदार बताया जाने लगा है। गौरतलब है कि अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को के कनेक्टिकट में एक तिरासी वर्ष की बुजुर्ग महिला के परिजनों ने हत्या और आत्महत्या के मामले में चैटजीपीटी की भूमिका को लेकर ओपनएआइ और माइक्रोसाफ्ट के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया है। इसमें यह आरोप लगाया गया है कि एआइ वाले चैटबाट ने बेटे के मन में अपनी मां के बारे में भ्रम और संदेह को इतना बढ़ाया कि उसने मां की हत्या करके आत्महत्या कर ली। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इस एआइ ने हत्या करने वाले व्यक्ति के मन में सबके साथ-साथ अपनी मां के प्रति भी केवल शक और आशंका भर दी। उसे चैटजीपीटी को छोड़ कर अन्य किसी की भी बात पर विश्वास नहीं रहा। इस तरह की अनेक घटनाएं यही दर्शाती हैं कि हर बात या काम के लिए एआइ या आधुनिक तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता कैसे इंसान की संवेदना, उसके आत्मविश्वास और यहां तक कि विवेक को निष्क्रिय कर दे सकती है, जिसके बाद व्यक्ति अपनी सोच-समझ से कोई भी प्रतिक्रिया दे सकने में अक्षम हो जाता है।

# अरब देशों ने बैन लगाया, पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया, 'धुरंधर' ने ऐसा क्या दिखाया

**क्या पाकिस्तान का विरोध करना भारतीय मुसलमानों का विरोध करना है? क्या पाकिस्तान के आतंकवाद पर हमला करके, पाकिस्तान को एक्सपोज करके हम भारतीय मुसलमानों पर हमला कर रहे हैं? बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के ही पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान को मार रही है। इसलिए हिंदुस्तान में भी कुछ लोगों को चुभ रही है। हिंदुस्तानियों का सबसे बड़ा दुश्मन हिंदुस्तानी ही है। पाकिस्तान तो दूसरे नंबर पर आता है आदित्य धर की फिल्म धुरंधर ने इस वक्त धूम मचाई हुई है। धुरंधर फिल्म ने आते ही ऐसा धमाका किया है कि 5 दिन में 200 करोड़ छाप दिए हैं। ये फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इसमें पांच दिग्गज अभिनेताओं ने ऐसे किरदार निभाए हैं जो असली लोगों से इंस्पायर्ड बताए जा रहे हैं। धुरंधर पिछले हफ्ते 5 दिसंबर को रिलीज हुई। उसके बाद से एक बड़ा वर्ग इसकी बहुत तारीफ कर रहा है और अच्छा सिनेमा बता रहा है। इसमें एक सही मुद्दे को लेकर रियलस्टिक ट्रीटमेंट दिया गया है। लेकिन भारत में ही मौजूद कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें इस फिल्म से परेशानी हो रही है। धुरंधर के इस धमाके के बीच एक इकोसिस्टम सुलग रहा है।**

(अभिनय आकाश)

यह इकोसिस्टम धुरंधर फिल्म के पीछे पड़ गया है। कोई कह रहा है कि यह प्रोपेगेंडा है। कोई कह रहा है कि अरे यह ट्रोल लेवल की फिल्म है। कोई कह रहा है कि फिल्म बनाने वाले ने लिमिट क्रॉस कर दी। यानी धुरंधर में कुछ तो ऐसा दिखाया गया है जो एक इको सिस्टम को परेशान कर रहा है। उन्हें जबरदस्त आग लगी हुई है। सवाल ये है कि पाकिस्तान के आतंकवाद की सच्चाई उन वर्गों को इतनी चुभ क्यों रही है। क्या फिल्म पर भी राजनीति हो सकती है? क्या किसी फिल्म की कहानी पर भी राजनीति हो सकती है और क्या कोई फिल्म भी एक बड़ा मुद्दा बन सकती है। धुरंधर फिल्म ऐसी ही है, जो अभी आई है और वो आते ही एक बड़ा मुद्दा बन गई है उस फिल्म को लेकर बहुत सारे सवाल किए जा रहे हैं। क्या पाकिस्तान का विरोध करना भारतीय मुसलमानों का विरोध करना है? क्या पाकिस्तान के आतंकवाद पर हमला करके, पाकिस्तान को एक्सपोज करके हम भारतीय मुसलमानों पर हमला कर रहे हैं? बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के ही पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान को मार रही है। इसलिए हिंदुस्तान में भी कुछ लोगों को चुभ रही है।





### क्यों इतनी चर्चा में है धुरंधर

दुनिया भर में लोगों को फिल्म पसंद आ रही है। जबकि फिल्म 3 घंटे 34 मिनट की है। छोटी-मोटी फिल्म नहीं है। सभी कलाकारों की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। फिल्म के एक्शन, बैकग्राउंड, म्यूजिक सब की तारीफ हो रही है। यानी धुरंधर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर साबित हो रही है। और इसकी सबसे बड़ी वजह इसकी कहानी है। फिल्म धुरंधर के सभी मेन कैरेक्टर किसी ना किसी रियल लाइफ किरदार से प्रेरित हैं। फिल्म में रणवीर सिंह ने भारतीय जासूस का किरदार निभाया है। फिल्म में रणवीर सिंह का नाम हम अली मज़ारी है। जो बलोच है और यह आम बॉलीवुड जासूसों की तरह नहीं है। रणवीर सिंह का कैरेक्टर पाकिस्तान में घुसकर भारत की एजेंसियों को खुफ़िया जानकारी भेजता है। फिल्म में रणवीर सिंह कराची के अंडरवर्ल्ड का हिस्सा बन जाता है और फिर वहां से पाकिस्तान के आतंकी गैंगस्टर सरकार और आईएसआई के गठजोड़ के बारे में भारत जानकारी भेजता है। इसी तरह से फिल्म में माधवन ने इंटेलिजेंस अधिकारी अजय सानियाल का रोल किया है। अजय सानियाल के गेटअप में माधवन को देखकर कोई भी आसानी से कह रहे है कि अरे यह तो अजीत डोभाल हैं। हालांकि में यह दावा नहीं किया गया है कि अजय सानियाल जो हैं वो अजीत डोभाल के कैरेक्टर से प्रेरित हैं।

ल्यारी के रहमान डकैत की पूरी कहानी

70 के दशक में उससे भी पहले बेनजीर भुट्टो के पापा और पाकिस्तान के तत्कालीन सदर जुल्फिकार अली भुट्टो ने लिल्या के लोगों को जमीन से जुड़े अधिकारों में जगह दी थी। तब से यह तय हो गया किरी के लोग अपनी वफादारी भुट्टो परिवार की ओर ही रखेंगे। इसलिए लियारी को भुट्टो की पार्टी पाकिस्तान पीपल्स पार्टी पीपीपी का गढ़ माना जाता रहा। उन्हें साथ मिला रहमान बलोच, अब्दुल रहमान बलोच और उसके चचेरे भाई उज़ैर बलोच का लारी के सबसे बड़े गुंडे और गिरोहबाज शराब बेचने, हथियार बेचने, हफ्ता वसूलने, अपहरण कर फिरौती उठाने, हत्या वगैरह करने जैसे कामों से दोनों भाइयों ने लारी की गलियों में दहशत भर के रखी हुई थी। मुताहिदा कौमी मूवमेंट एमक्यूएम नाम के राजनीतिक मूवमेंट से उन्हें चुनौती मिली। एमक्यूएम और उसके मसलमैन अरशद पप्पू और बलोच गैंग में लफड़े अक्सर होते रहते थे। सब किसी ना किसी नेता से जुड़े हुए थे। पुलिस उन्हें छू भी नहीं सकती थी। ऐसे में एसपी चौधरी असलम को याद किया गया।

**रहमान का विवादास्पद एनकाउंटरः** इससे पहले कि वह राजनीतिक सफलता की लहर पर सवार हो पाता, अगस्त 2009 में पुलिस के साथ मुठभेड़ में रहमान को गोली मार दी गई। 9 अगस्त 2009 का दिन था। रहमान अपने तीन साथियों औरंगजेब, नजीर और अकील के साथ स्टील टाउन की तरफ जा रहा था। तभी रास्ते में जिले के एसएसपी चौधरी असलम खान की टीम ने उसकी कार रोकी। पुलिस टीम का रवैया देखकर रहमान को शक हो गया था। मीडिया रिपोर्टस् के मुताबिक, रहमान और उसके तीन साथियों औरंगजेब, नजीर और अकील ने पुलिस पर गोलीबारी की। जिसके जवाब में पुलिस टीम ने भी फायरिंग शुरू कर दी। जब गोलियों की आवाज़ थमी तो ल्यारी का एक अध्याय खत्म हो चुका था रहमान मारा जा चुका था।

**भारत के नकली नोट पाकिस्तान में कैसे बनते हैं?:** फिल्म में पाकिस्तान के असली किरदारों के आधार पर कहानी कही गई है। इसके अलावा फिल्म में पाकिस्तान में भारत के नकली नोट कैसे बनते हैं? इसके बारे में भी बता दिया गया है जिससे कुछ लोग बौखला उठे हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि भारत के नकली नोट आईएसआई के गोदाम में अखबार की तरह छपते हैं। नकली नोट में बिल्कुल असली नोट जैसे सिक्योरिटी फीचर्स होते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि एक ब्रिटिश फर्म पाकिस्तान को इंडियन करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड सप्लाई करती है। नकली नोट पहले कतर भेजे जाते हैं। क़तर से नेपाल और फिर वहां से भारत भेजे जाते हैं। पाकिस्तान में भारत के नकली नोट छापने का काम आईएसआई और पाकिस्तानी बिजनेसमैन जावेद खनानी करते हैं। जावेद खनानी को भी फिल्म धुरंधर में दिखाया गया है। फिल्म धुरंधर में एक ब्रिटिश फर्म का भी जिक्र किया गया है। लेकिन हकीकत में एक ब्रिटिश कंपनी है जो भारत और पाकिस्तान को करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड सप्लाई करती थी। उसका नाम है डेलारू। डेला रू कंपनी दुनिया के 140 देशों के साथ काम करती है। करेंसी पेपर सिक्योरिटी फीचर्स की सप्लाई करती है। यही कंपनी भारत को करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड थ्रेड देती थी और पाकिस्तान को भी यही सारी चीजें सप्लाई करती थी। इसी वजह से डेला रू के ऊपर कई सवाल खड़े हुए।

पनामा पेपर्स में भी आया था डेलारू का नाम

पनामा पेपर्स में भी डेलार रू का नाम आया और आरोप लगा कि डेल रू ने भारत में ठेका लेने के लिए एक एजेंट को 15 प्रतिशत का कमीशन दिया था। साल 2010 में डेलार रू को ब्लैकिस्ट कर दिया गया था। लेकिन 2023 में सीबीआई ने पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की और आरोप था कि 2012 में डेलारू के पुराने कॉन्ट्रैक्ट को गलत तरीके से बढ़ाया गया। उस समय अरविंद मायाराम आर्थिक मामलों के सचिव थे। आरोप था कि मायाराम ने नोटों के लिए खास सिक्योरिटी थ्रेड की सप्लाई के लिए गैर कानानूनी तरीके से एक्सटेंशन दिया। फिल्म में पाकिस्तान और बलूचिस्तान के रिश्ते को भी बहुत बारीकी से उठाया गया है। और एक और डायलॉग है इसमें जिसमें संजय दत्त जो अभिनेता हैं इसमें वो कहते हैं कि मगरमच्छ पर भरोसा कर सकते हैं लेकिन बलोच पर नहीं। और इससे यह साबित होता है कि पाकिस्तान के लोग किस कदर बलोच लोगों से नफरत करते हैं। और फिल्म में भी यही दिखाया कि पाकिस्तान के लोग बलोच लोगों से नफरत करते हैं और कैसे बलूचिस्तान के लोग लगातार पाकिस्तान से आजादी मांग रहे हैं। लड़ रहे हैं आजादी के लिए। और यह इस फिल्म में दिखाया गया है।

यह नया भारत है जो पाकिस्तान के लिए शांति के कबूतर नहीं उड़ाता बल्कि धुरंधर की तरह पाकिस्तान को घर में घुसकर मारता है। और बात रही फिल्म की तो फिल्म अपनी मेरिट के हिसाब से चलती है। फिल्म को बुरी फिल्म को कोई हिट नहीं बना सकता और अच्छी फिल्म को कोई फ्लॉप नहीं कर सकता। धुरंधर जैसी भी फिल्म है चाहे अच्छी है या बुरी है। फिल्म कैसी लगी और फिल्म की जो कहानी है उसमें उन्हें सच्चाई दिखाई दी या नहीं दी।

छह गल्फ कंट्रीज यानी खाड़ी देशों में फिल्म धुरंधर को बैन कर दिया गया है और पाकिस्तान के दोस्त धुरंधर के दुश्मन बन गए हैं। पहला देश बहरेन, दूसरा कुवैत, तीसरा ओमान। इसके अलावा क़तर, सऊदी अरब के साथ यूएई ने भी पाकिस्तान को खुश करने के लिए धुरंधर से उचित दूरी बना ली है। वहां पर इस फिल्म को रिलीज नहीं किया जाएगा। फिल्म में दिखाए गए दृश्य पाकिस्तान का दर्द बढ़ा रहे हैं और एक-एक डायलॉग पाकिस्तानी सत्ता के कानों को चुभ रहा है क्योंकि धुरंधर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सच दिखाया गया है। आतंकियों के गढ़ दिखाए गए हैं और भारत के खिलाफ साजिशों वाले संवाद भी हैं।

# सरकार के सामने असहज स्थिति पैदा कर दी महिला मंत्री ने

कृष्णमोहन झा

मध्यप्रदेश के सहज, सरल, संवेदनशील और कर्मठ मुख्यमंत्री मोहन यादव के लिए अत्यंत असहज कर देने वाली स्थिति थी कि जब उनकी सरकार के सभी मंत्री सरकार के प्रथम दो वर्षों की उल्लेखनीय उपलब्धियों रेखांकित करने के लिए अपने अपने विभागों का रिपोर्टकार्ड तैयार करने में व्यस्त थे उसी समय उनकी सरकार की एक राज्य मंत्री के सगे भाई और बहनोई को गांजे की तस्करी के शर्मनाक आरोप में गिरफ्तार करने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को मजबूर होना पड़ा।अगर यह आरोप किसी अधिकारी को डराने-धमकाने अथवा किसी के साथ मारपीट की घटना से जुड़ा हुआ होता तब तो इसे छोटी मोटी घटना बताकर इससे पल्ला झाड़ लेना मंत्री जी के लिए आसान हो सकता था क्योंकि रसूखदार राजनेताओं के संबंधियों के बारे में इस तरह की खबरें जब तब आती ही रहती हैं परन्तु यह मामला तो बिल्कुल ही अलग प्रकृति का था जिसे जांच के नाम पर दबा देना शायद पुलिस के लिए भी संभव नहीं था। मंत्री जी के सगे भाई और बहनोई को गांजा की तस्करी में लिप्त होने के अत्यंत गंभीर आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस खबर के सामने आते ही उम्मीद तो यह की जा रही थी कि अपने भाई और बहनोई की गिरफ्तारी से शर्म सार होकर मंत्री जी तत्काल ही मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष अपने इस्तीफे की पेशकश करेंगी परंतु मंत्री जी ने तो उस समय हद ही कर दी जब उन्होंने इस घटना को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में झल्लाते हुए कहा कि ÷क्या फालतू बात करते हो ।÷मंत्री जी की खीझ भरी प्रतिक्रिया निसंदेह आश्चर्यजनक थी जिसे उनके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं माना गया। दरअसल इतने संगीन आरोप में सगे भाई और बहनोई की गिरफ्तारी के बाद मंत्री जी से यह अपेक्षा स्वाभाविक भी थी कि इस शर्मनाक घटना की निष्पक्ष जांच का मार्ग प्रशस्त करने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष अपने पद से इस्तीफे की पेशकश करतीं परंतु उन्हें तो यह कहने में ही काफी वक्त लग गया कि कानून अपना काम करेगा और इसके पहले तो उन्होंने यह अजीबोगरीब तर्क देकर अपना बचाव करने की कोशिश की कि कोई भी जबरन रिश्तेदारी जोड़ लेता है।इसमें दो राय नहीं हो सकती कि उक्त घटना प्रकाश में आते ही वे नैतिकता के आधार पर अपने इस्तीफे की पेशकश करके एक मिसाल पेश कर सकती थीं लेकिन उन्होंने खुद शर्मसार होने का विकल्प चुनकर सहज सरल और अनुशासन प्रिय मुख्यमंत्री को असहज स्थिति का सामना करने के लिए विवश कर दिया। अगर मंत्रीजी तत्काल ही अपने इस्तीफे की पेशकश कर देतीं तो निश्चित रूप से मुख्यमंत्री और पूरे प्रदेश की जनता की नजरों में और अधिक सम्मान अर्जित कर सकती थीं परन्तु शायद उन्हें यह भय सता रहा होगा कि यदि एक बार उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया तो दुबारा मंत्री के रूप में जनता का सेवा करने का मौका उन्हें निकट भविष्य में नहीं मिल पाएगा। यद्यपि इसका दूसरा पहलू यह भी है कि उनके इस्तीफे की पेशकश प्रदेश के उन मंत्रियों को असहज स्थिति में पहुंचा सकती थी जिनके विवादास्पद बयान विगत वर्षों में सुर्खियों का विषय रहे हैं। यहां यह तो स्वीकार किया जा सकता है कि किसी मंत्री के सगे भाई और बहनोई अगर किसी गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं तो इसके लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता लेकिन दरअसल वे इस आधार पर तो इस्तीफे की पेशकश कर ही सकती थीं कि अगर वह पद पर बनी रहेंगी तो सगे भाई और बहनोई को बचाने के लिए कानूनी प्रक्रिया में परोक्ष हस्तक्षेप का आरोप लग सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि क्या उन्हें यह विश्वास नहीं था कि इस्तीफे की पेशकश किए जाने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव उनकी कर्मठता, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करेंगे । बात चाहे जो हो लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इस्तीफे की पेशकश उन्हें आज बचाव की मुद्रा अपनाने की विवशता से बचा सकती थी और आज केवल उनकी अपनी पार्टी ही नहीं बल्कि विरोधी दल भी उनके द्वारा पेश किए गए आदर्श की भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे होते। वैसे अभी भी कोई देर नहीं हुई है, वे चाहें तो इस्तीफा न देने के अपने फैसले पर पुनर्विचार कर सकती हैं। अगर वे ऐसा करने का साहस जुटा सकीं तो निःसंदेह वे इतिहास रच देंगी।

**(कृष्णमोहन झालेखक राजनैतिक विश्लेषक है )**

# यह साल नहीं, सिस्टम का दोष

(अक्षय शुक्ला)

गोवा नाइट क्लब अग्निकांड हादसा नहीं अपराध है। परत दर परत जिस तरह से चीज़ें सामने आ रही हैं, उससे साफ हो रहा है कि 25 बेगुनाहों की मौत के ज़िम्मेदार अकेले क्लब मालिक नहीं, पूरा सिस्टम है। पानी से घिरे एक छोटे से प्लैटफॉर्म पर क्लब की नींव पड़ते वक्त ही पर्यावरण और सुरक्षा मानकों को लेकर आपत्ति जता दी गई थी। उसके बावजूद यह न सिर्फ खुला बल्कि लगातार गैरकानूनी गतिविधियों की शिकायतों से घिरा रहा। इसकी हर करतूत को न सिर्फ दबाया गया बल्कि ऊपर बैठे अफसरों ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने दी। अंदर आतिशबाज़ी हो रही थी, जबकि आग बुझाने के कोई इंतज़ाम नहीं थे। क्लब तक आने-जाने का एक ही गेट, जिसका रास्ता इतना संकरा कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी तक न पहुंच पाए। बाकी सभी इमरजेंसी एग्ज़िट गेट बंद कर दिए गए थे, जिससे लोगों को बचकर निकलने का रास्ता ही नहीं मिल पाया। इसके मालिक नियम कानून को कैसे जूते की नोंक पर रखते थे, उसका पता अब उनके दूसरे क्लबों की कहानियां सामने आने पर चल रहा है। गोवा के ही समुद्र तट पर इनके एक और क्लब के अवैध हिस्से को बुलडोज़र से ढहा दिया गया। हैरानी की बात है कि हाई कोर्ट ने इसे ढहाने का आदेश काफी पहले ही दे दिया था, पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे आंखें मूंदे बैठे अफसरों पर भी गाज गिरनी चाहिए, जो इतनी मौतों के बाद ही जागते हैं। साथ ही, इन मौतों के दोषियों को ऐसी सख्त सज़ा मिले जो मिसाल बने ताक दूसरों में डर पैदा हो। अब आप चाहे जो दिखावा कर लें, मृतकों के घरवालों को मिला जीवन भर का ज़ख्म तो कभी नहीं भर सकता।कुछ ऐसा ही केस अवैध रूप से दौड़ रही इंटरसिटी बसों का भी है, जो लगातार बड़े हादसों का शिकार हो रही हैं। दो महीने पहले जैसलमेर से जोधपुर और हैदराबाद से बेंगलुरू जा रही एयरकंडीशंड बसों में आग लगने से 40 से अधिक लोग जिंदा जल गए थे। उनका कहना है कि जितनी जल्दी यह बीत जाए, उतना अच्छा। लेकिन साल को क्यों दोष दें जब सारे हादसे मैन मेड डिज़ास्टर्स साबित हो रहे हैं। हम खुद मुसीबत को दावत दे रहे तो उसमें वक्त और साल का क्या दोष। यह सिस्टम दोष है, जो सुधर जाए तो ऐसे सभी बड़े हादसों को होने से रोका जा सकता है, फिर साल कोई भी और कैसा भी हो।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# भय और लालच की जुगलबंदी का कसता शिकंजा

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

समूचे संसार में शासक और शासित के मध्य जंग छिडी है। चालाक लोगों ने स्वयं को शासक बनाकर शारीरिक सुख, मानसिक संतोष और वैभव के भण्डार जुटाने हेतु मनगढन्त कथानकों का सहारा लिया। ऐसी कहानियों को कभी राजनैतिक पटल पर धर्म, जाति और सम्प्रदाय को आधार बनाकर फैलाया गया तो कभी आस्था के तल पर मान्यताओं, ग्रन्थों और सिद्धान्तों की दुहाई दी गई। जीवन में आनन्द और जीवनोपरान्त परमानन्द पाने के सब्जबाग दिखाकर मृगमारीचिका के शीर्ष पर स्थापित लक्ष्य के भेदन का तिलिस्म गढ लिया गया। सामाजिक परिपेक्ष में भय दिखाकर संगठनात्मक ढांचा तैयार किया गया। अनजाने खतरों के लिए तानाबाना बुनने की आवश्यकता पर बल दिया गया। स्वार्थ की आधारशिला पर अन्तहीन ऊंचाइयां छूने के प्रयास किया जाने लगे। सत्य के मार्ग पर चलकर परमसत्य को प्राप्त करने वाली आत्माओं द्वारा निर्धारित किये गये नियमों को अस्तित्वहीन करने के निरंतर कोशिशें होती रहीं जिनका वर्तमान प्रवाह द्रुतगति से बढता ही जा रहा है। धार्मिक आयोजनों में कट्टरता के पाठ पढाने की होड लगी है जिन्हें राजनैतिक गलियारों से तूफानी हवा दी जा रही है। चुनावी मंचों पर 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे जुमले गूंजते हैं। तो बंद कमरों में 'गजव-ए-दुनिया' के षडयंत्र रचे जाते हैं। निजिता से जुडे श्रद्धा के पुष्पों को आराध्य के स्थान पर नेताओं के कदमों में बिछाने वालों की संख्या बढती जा रही है। धार्मिक ग्रन्थों के कल्याणकारी अनुशासनों को विकृत व्याख्याओं के द्वारा विध्वंसात्मक बनाया जा रहा ताकि विषवृक्ष की जडों को ज्यादा मजबूत किया जा सके। ऐसा करने वाले अपने स्वजनों, परिजनों तथा निकटजनों के छोडकर समूचे संसार में कट्टरता का उन्माद फैला रहे हैं। स्वयं को सुरक्षित किले में पहुंचाकर अपने अनुयायियों को कथित धार्मिक युद्ध में झौंकने का प्रचलन तेज होता जा रहा है। धार्मिक आयोजनों के नाम पर राजनेताओं द्वारा पर्दे के पीछे से स्वयं को स्थापित करने के मंसूबे पूरे किये जा रहे हैं। इन आयोजनों के लिए अर्थ संचय हेतु अन्यायपूर्ण ढंग से धन कमाने वालों की फेहरिश्त तैयार की जाती हैं, उन्हें ज्यादा लाभ के अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया जाता है और फिर सामने आता है भ्रष्टाचार से कमाये गये धन का कथित धार्मिक उपयोग। वर्तमान में धनलोलुपों को मुनाफा, धर्मावलम्बियों को जन्नत या स्वर्ग, अहंकारियों को सम्मान, जिज्ञासुओं को समाधान जैसे लालच देकर चन्द चालाक लोग समूचे संसार को ही अंधे कुंये में ढकेलने में लगे हैं। इनके द्वारा फैलाये जाने वाला मनोवैज्ञानिक जाल अब नये-नये प्रयोगों से ज्यादा मजबूत होता जा रहा है। निरीह प्राणी अतिआधुनिकता की कथित चमक के सामने स्वयं को अज्ञानी मान बैठा है। ज्ञान और अज्ञान की गढी गई परिभाषाओं को थोपकर सामाजिक संरचना को बिगाडने वाले नवीनता के नाम पर कुटिल चालें चल रहे हैं। नर्क की कथित यातनायें, आतिताइयों और काफिरों की हरकतों के हश्र, जेहाद की जरूरत, खुदा या ईश्वर के नाराज होने से कष्टों का प्रकोप, सत्ता की प्रताडना, सामाजिक नाकेबंदी जैसे अनगिनत कारकों को पैदा करके आम आवाम के शोषण वाले नूतन अध्याय लिखे जा रहे हैं। परा-विज्ञान के शाश्वत प्रयोगों के कठोर अनुशासनों को हाशिये पर फैंककर व्यवहारिक सुविधाओं को ध्यान में रखा जा रहा है। कर्मकाण्ड के निर्धारित प्रतिबंधों के अस्तित्वहीन करके औपचारिकताओं का निर्वहन कराने वाले धर्म के ठेकेदारों ने अधर्म की फसलें बोना शुरू कर दीं हैं। लालच के दलदल में अकण्ठ डूबे लोग अब सुखद भविष्य के काल्पनिक महलों में विलासता भरे जीवन का सब्जबाग दिखाकर स्वयं का वर्तमान संवारे में लगे हैं। वे अपनी कटिल बातों को कभी संस्कृत तो कभी अरबी, कभी अंग्रेजी तो कभी चाइनीज भाषा में बोलकर अपनी विद्वता प्रमाणित करने में लग जाते हैं। अनजाने शब्दों, उनकी मनमानी विवेचनाओं और कथित परिणामों को समझे बिना ही आम आवाम स्वीकार कर लेता है। इस तरह के प्रयासों में लगे स्वार्थी लोगों की भीड अब प्राचीनकाल में किये गये परा-विज्ञान के शोधों, उनकी विधियों तथा परिणामों की स्वयं ही हत्या कर रहे हैं। वास्तविकता तो यह है कि आदि ग्रन्थों के सिद्धान्तों को सरलता से समझाने हेतु रोचक कथानकों, संदर्भित घटनाओं और प्रवाहयुक्त शब्दों को गढा गया था। इन सूत्रों को हल करने यानी आदिकालीन ग्रन्थों को डी-कोड करने हेतु किसी सत्य साधक, हकीकतन सूफी या रियल मैसेंजर आफ गाड की आवश्यकता है। यह लोग शरीर में रहते हुए भी सांसारिकता में लिप्त नहीं होते, आवश्यकताओं की परिधि में कैद नहीं होते और नहीं होते हैं अपेक्षाओं-उपेक्षाओं के शिकार। ऐसे लोगों को खोजना, उनको कल्याण हेतु सहयोग देने के लिए राजी करना और फिर उनके बताये मार्ग पर चलना, असम्भव नहीं कठिन अवश्य है। ज्ञान चक्षुओं से ही ऐसे महान लोगों के दिग्दर्शन हो सकते हैं, निर्मल भावनाओं से ही उन तक पहुंचा जा सकता है और पाया जा सकता है विश्व कल्याण का पथ। मृत्यु शाश्वत है, बोये गये बीज की फसलें मिलना निर्धारित है, सोच से उपजे व्यवहार की परिणति निश्चित है, यह जानते हुए भी व्यक्ति अपने स्वःविवेक की अन्तःकरण में सम्पदा का उपयोग ने करके सत्य की थोपी गई परिभाषाओं पर अंधा विश्वास करता है और फंस जाता है चालक लोगों द्वारा बिछाये गये जाल में। ऐसे में भय और लालच की परिधि से बाहर आये बिना स्वयं का कल्याण, समाज का भला और सत्य की पुनर्स्थापना बेहद कठिन है।

इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया




**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन पर द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में अत्यंत गरिमामय रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु उपलब्धियों की समीक्षा एवं प्रदर्शन का मूल्यांकन करना था। इस राज्य स्तरीय सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई। सम्मेलन की सह-अध्यक्षता न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा माननीय न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति द्वारा की गई। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अभिभाषण में इस बात पर विशेष बल दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालतें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 - क में निहित समान न्याय की परिकल्पना को साकार करने का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरी हैं।

उन्होंने व्यक्त किया कि विगत नौ राष्ट्रीय लोक अदालतों के दौरान कुल 2,27,18,454 मामलों का अभूतपूर्व निपटारा किया गया है तथा कुल प्रकरणों के निस्तारण के संदर्भ में छत्तीसगढ़ निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष पाँच राज्यों में स्थान प्राप्त करता रहा है। उन्होंने इन उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के करकमलों द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालतों की सफलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों तथा पैरा लीगल वॉलंटियर्स को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

# दुगुना पैसा करने का झांसा देकर 65 लाख की ठगी, डब्ल्यूएफटी कंपनी का संचालक गिरफ्तार



**भानुप्रतापपुर।** जैविक खाद के प्रचार की आड़ में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले शातिर जालसाज को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने 'WFT' नामक कंपनी के माध्यम से लोगों को मात्र डेढ़ महीने में पैसा दोगुना करने का लालच देकर 65,18,400 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया कामेश्वरी नाग (निवासी ग्राम कुआं पानी) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात विनोद कुमार पांडे से हुई थी। आरोपी गांवों में जैविक खाद का प्रचार-प्रसार करता था। इसी दौरान उसने प्रार्थिया को झांसा दिया कि वह 'WFT' नामक एक ट्रेडिंग कंपनी संचालित करता है। उसने दावा किया कि यदि लोग इस कंपनी में निवेश करते हैं, तो उन्हें 45 दिनों (डेढ़ माह) में रकम दोगुनी होकर मिलेगी।

**65 लाख से अधिक की धोखाधड़ी** – आरोपी के झांसे में आकर प्रार्थिया और अन्य ग्रामीणों ने अधिक मुनाफे की उम्मीद में कुल 65,18,400 रुपये आरोपी के खाते में जमा कर दिए। समय पूरा होने पर जब पैसे वापस नहीं मिले और आरोपी टालमटोल करने लगा, तब पीड़ितों को ठगी का अहसास हुआ। प्रार्थिया की शिकायत पर थाना भानुप्रतापपुर में अपराध क्रमांक 73/2025 के तहत धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया।

**बिलासपुर में घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी** – मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामेश्वर प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आरोपी की लोकेशन ट्रैक कर बिलासपुर में दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी विनोद कुमार पांडे ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया।

**आरोपी का विवरण :** विनोद कुमार पांडे 45 वर्ष टांडापारा, खरसिया जिला रायगढ़ निवासी है हाल पताः राजकिशोर नगर, बिलासपुर थाना सरकंडा में रहता था

**पुलिस की अपील :** पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है, जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे कम समय में पैसा दोगुना करने वाले किसी भी संदिग्ध निवेश और फर्जी कंपनियों के झांसे में न आएं।


# नहीं रहा लौह हस्तशिल्प का सितारा



**कोण्डागांव।** भारतवर्ष का विलुप्तप्राय हस्तशिल्प; जो कि लौह हस्तशिल्प के नाम से संपूर्ण विश्व में ख्यातिप्राप्त है। और जिसे देखने के लिए विश्व के कोने-कोने से पर्यटक ग्राम किड़ईचेपड़ा ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा विकास खंड/जिला कोंडागांव छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आते हैं। इसकी उन्नति तथा प्रचार प्रसार में अपना जीवन बलिदान करनेवाला प्रज्वलित सितारा अब नहीं रहा। ग्राम बुनागांव (जिला नारायणपुर मार्ग पर स्थित) में जन्मे तातीराम विश्वकर्मा ने विवाहोपरांत ग्राम किड़ईचेपड़ा को अपनी कर्मस्थली सुनिश्चित किया तथा यहां पर ग्रामीण आवश्यकताओं की लौह सामग्रियां जिनमें कृषि उपकरणों को सुधारने का कार्य एवं घरेलू आवश्यकताओं व रसोई संबंधित उपकरणों के परंपरागत निर्माण के साथ ही कलात्मक कलाकृतियों को भी संवारना प्रारंभ किया। इस दिशा में उन्हें शिल्प गुरु स्वर्गीय डाक्टरेट जयदेव बघेल का सानिध्य प्राप्त हुआ। इससे तातीराम विश्वकर्मा के कलात्मकता में गुणात्मक सुधार आने लगा और वो सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। इस तरह तातीराम विश्वकर्मा ने लौह हस्तशिल्प में सिद्धहस्तता प्राप्त कर लिया। लगन तथा मेहनत ने उन्हें राज्य पुरस्कार विजेता बना दिया। यही लगन तथा परिश्रम ने उन्हें छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व राज्यपाल के.एम. सेठ तथा स्वर्गीय शेखर दत्त को उनके किड़ईचेपड़ा स्थित निवास पर पारंपरिक तकनीकी से लौह अयस्क से लौह निर्माण की कार्यशाला देखने आने को लालायित किया। उल्लेखनीय है, कि अपने समग्र परिवार को उन्होंने लौह हस्तशिल्प तथा तुमा हस्तशिल्प हेतू हस्तशिल्पियों के तौर पर स्थापित कर दिया है। ज्येष्ठ पुत्र सुनील विश्वकर्मा भी राज्य पुरस्कार विजेता बन चुका है वहीं कनिष्ठ पुत्र जूनियर वर्ग राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बन चुका है, धर्मपत्नि, पुत्रवधू, दोनों सुपुत्री, नाती तथा पोता भी हस्तशिल्पियों में सुमार हो चुके हैं। लंबी अवधि से रूग्ण हो चुके तातीराम विश्वकर्मा ने 6 दिसंबर 2025 को ग्राम किड़ई चेपड़ा में अंतिम सांस ली, उनकी स्मृति में परिवार ने 19 दिसंबर को शोक सभा आयोजन रखा है।

# भानुप्रतापपुर में अन्नदाता पर डाका : धान खरीदी केंद्रों में तौल के नाम पर आधा किलो की खुली लूट





**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ में एक तरफ साय सरकार किसानों को उनकी मेहनत का पाई-पाई दाम देने का दावा कर रही है, वहीं भानुप्रतापपुर के धान खरीदी केंद्रों से भ्रष्टाचार और शोषण की डराने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। यहाँ 'सूखत' के नाम पर किसानों के पसीने की कमाई पर डाका डाला जा रहा है। लैम्प्स मैनेजर और खरीदी प्रभारियों की मिलीभगत से प्रत्येक बोरे पर 500 से 700 ग्राम अतिरिक्त धान की अवैध वसूली की जा रही है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि बारदाने के वजन सहित प्रत्येक बोरे का तौल 40 किलो 700 ग्राम होना चाहिए। लेकिन भानुप्रतापपुर के केंद्रों में मैनेजर और प्रभारियों ने अपनी मनमानी चलाते हुए इसे 41 किलो 200 ग्राम कर दिया है। किसानों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी वाजिब कारण के हर बोरे पर आधा किलो से ज्यादा धान अतिरिक्त देने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

## विरोध करने पर धमकी का सहारा

जब किसान इस लूट का विरोध करते हैं, तो उन्हें डराया-धमकाया जाता है। पीड़ित किसानों ने बताया कि केंद्र प्रभारी खुलेआम कहते हैं अभी विरोध करोगे तो धान नहीं खरीदूंगा, जब उठाव होगा तब आना। सीजन के अंत में फसल न बिकने के डर से मजबूर किसान इस 'कांटामारी' को सहने को मजबूर हैं। यह आधा किलो का खेल मामूली लग सकता है, लेकिन इसका गणित चौंकाने वाला है, यदि एक किसान 100 बोरे बेचता है, तो उससे सीधे 50 किलो धान लूट लिया जाता है। पूरे केंद्र के स्तर पर यह आंकड़ा हजारों क्विंटल तक पहुँच जाता है, जिसकी कीमत लाखों में है। सूत्रों के अनुसार, इस अतिरिक्त धान का उपयोग कोचियों (बिचौलियों) के अवैध धान को खपाने के लिए किया जाता है। खबर यहां भी है कि कोडेकुर्से केंद्र से हटाए गए एक दागी प्रभारी, जिन्हें कोचियों से साठगांठ के कारण हटाया गया था, अब भानुप्रतापपुर में लैम्प्स प्रबंधक के संरक्षण में इसी खेल को अंजाम दे रहे हैं।

## विपक्ष हमलावर, अधिकारी मौन

कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर सरकार को घेर रही है। विधायक और कांग्रेस नेताओं ने केंद्रों का दौरा कर अव्यवस्था, बारदाने की कमी और टोकन सिस्टम में धांधली के आरोप लगाए हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की चुप्पी पर है। क्या उच्च अधिकारियों को इस 'सिस्टमैटिक लूट' की जानकारी नहीं है? या फिर इस भ्रष्टाचार की जड़ें ऊपर तक जुड़ी हैं? क्या जिला प्रशासन इन केंद्रों पर औचक छापेमारी कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा, या अन्नदाता इसी तरह अपनी ही मेहनत की फसल लुटते हुए देखने को मजबूर रहेगा?

# संकुल केंद्र कड़मपाल में विभिन्न शालाओं के बच्चों का किया गया आधार अपडेट



**किरंदुल।** प्रत्येक विकासखण्ड के समस्त संस्थाओं में आधार कार्ड शिविर आयोजित कर सभी विद्यार्थियों का आधार अपडेट का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में खण्ड शिक्षा अधिकारी कुआकोंडा प्रमोद भदौरिया के निर्देश पर संकुल केन्द्र कड़मपाल में विभिन्न स्कूलों के चिन्हांकित बच्चों का आधार अपडेट का कार्य किया गया ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की परेशानी पालकों एवं शिक्षकों को न हो और अपार आईडी जनरेट भी जल्द पूर्ण हो जाये। तथा कोई भी इससे वंचित न हो सके। इस शिविर में सचिव दयालु राम,संकुल समन्वयक एम माधव राव तथा शिक्षकों द्वारा शत-प्रतिशत अभ्यार्थियों को उपस्थित कराकर आधार अपडेट का कार्य सम्पादित कराया।

# जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायतों में किया गया रात्रि कालीन जनचौपाल का आयोजन



**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत स्वीकृत आवासों को समय सीमा में पूर्ण करने एवं आवास निर्माण में हितग्राहियों को आ रही समस्याओं के समाधान के लिये जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत बडेराजपुर के ग्राम पंचायत कोरहोबेडा, कोरगांव एवं होनावड़ी में रात्रिकालीन जन चौपाल और ग्राम पंचायत कोसमी, मचली, कौंदकेरा, कोंगरा, किवडा, पारोंड, धामनपुरी, तितरवंड एवं बैजनपुरी, दिन में जन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित हुये। सभी हितग्राहियों से आवास निर्माण में आ रही समस्या और उसके समाधान के साथ ही राजमिस्त्री, ईट, रेत, गिट्टी, सीमेंट की उपलब्धता के पर चर्चा किया गया। शासन द्वारा आवास निर्माण हेतु मिलने वाले राशि का सदुपयोग करते हुये आवास निर्माण में ही लगाये जाने हेतु समझाइश दी गई। जन चौपाल में आवास के साथ-साथ हितग्राहियों को मनरेगा, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ पेयजल सहित शासन की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# अग्निवीर भर्ती : सीईई में सफल अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी

**कोण्डागांव।** भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन सीईई) में सफल अभ्यर्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इन अभ्यर्थियों के लिए जनवरी 2026 में छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा दी गई। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना की ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 जून से 10 जुलाई 2025 के बीच किया गया था। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही शारीरिक दक्षता परीक्षा, चिकित्सकीय परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में शामिल होने के पात्र होंगे। ऐसे सभी योग्य अभ्यर्थियों के लिए अब एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 10 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक धमतरी जिले के इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस रैली के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। भर्ती रैली के दौरान अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा आठवीं एवं कक्षा दसवीं उत्तीर्ण) श्रेणियों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। रैली में केवल वही उम्मीदवार भाग ले सकेंगे, जिन्होंने भारतीय सेना की ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। सेना भर्ती कार्यालय ने बताया कि भर्ती रैली में शामिल होने के लिए योग्य अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। साथ ही अभ्यर्थियों की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भी प्रवेश पत्र भेजे गए हैं। भर्ती प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड, सभी निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज़ तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। निर्धारित दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं करने पर अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी अथवा स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए संपर्क नंबर 0771-2965212 एवं 0771-2965214 जारी किए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं योग्यता आधारित है। भारतीय सेना ने अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से सतर्क रहने तथा किसी भी दलाल, एजेंट या बिचौलिए के बहकावे में न आने की सलाह दी है।

# बवई में एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बवई में नशा मुक्ति भारत की थीम को लेकर 17 से 23 दिसम्बर तक रखी गई है जिसका विधिवत उदघाटन 17 दिसंबर 2025 को मुख्य अतिथि सरवन कुमार नेताम सरपंच ग्राम पंचायत बवई के कर कमलो से की गई। शिविर के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से नशा मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के नुक्कड़ नाटक, नृत्य के द्वारा लोगों को जागरूकता प्रदान की जाएगी साथ में नशा से संबंधित रैली, दीवार लेखन की जावेगी साफ सफाई अभियान गांव में प्रभात फे री निकाली जाएगी निरोग रहने के लिए लोगों को योग के माध्यम से जागरूकता प्रधान करते हुए योग के महत्व एवं लाभ के बारे में बताया जाएगा प्रयोजना कार्य के अंतर्गत गांव की गली मोहल्ले सड़क की मरम्मत आदि कार्य शिविरार्थियों के माध्यम से की जावेगी। शिविर के दौरान चिकित्सकीय शिविर एवं यातायात नियम तथा यौन शोषण से संबंधित विभिन्न विद्वानों के माध्यम से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

# केरागांव में 3 दिवसीय तकनीकी उन्नयन मत्स्य प्रशिक्षण संपन्न




**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश में मत्स्य पालन विभाग द्वारा ग्राम केरागांव, विकासखंड बड़े राजपुर में 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय तकनीकी उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण राज्य शासन की मंशा के अनुरूप किसानों की आय में वृद्धि एवं आजीविका सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक मत्स्य पालन पद्धतियों, तालाब प्रबंधन, उन्नत बीज उत्पादन, आहार प्रबंधन एवं रोग नियंत्रण की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य शासन द्वारा मत्स्य उत्पादन बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने हेतु संचालित योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई, जिससे किसान शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। इसके साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को सफल मत्स्य पालक किसानों के प्रक्षेत्र का अवलोकन कराया गया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ और उन्नत तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिली। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से कुल 60 किसान लाभान्वित हुए।

## सड़क चौड़ीकरण व पुलिया निर्माण कार्य की मांग को लेकर ज्ञापन

# पीडब्ल्यूडी की लापरवाही पर फूटा जनआक्रोश



**पखांजूर।** खबर पखांजूर से है, जहां लोक निर्माण विभाग की गंभीर लापरवाही अब सवालों के घेरे मे है। क्षेत्र की लाइफलाइन मानी जाने वाली पखांजूर-बांदे मार्ग पर स्थित पी.वी. 39 नाला पुलिया वर्षो से संकीर्ण और जर्जर अवस्था में पड़ी है। हालात ऐसे हैं कि यहां न तो कोई चेतावनी संकेतक है, न रेलिंग, और ऊपर से अंधा मोड़– जो लगातार हादसों को दावत दे रहा है। इसी लापरवाही का नतीजा कल सुबह देखने को मिला, जब एक 14 चक्का वाहन पुलिया पर अनियंत्रित होकर सीधे नाले में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक और उसकी महज़ 5 साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पुलिया को लेकर कई बार शिकायतें की गई, लेकिन न तो इसका चौड़ीकरण किया गया और न ही सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतज़ाम हुए। लगातार हो रहे हादसों और प्रशासनिक अनदेखी के विरोध में आज शिवसेना पखांजूर इकाई ने एसीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुलिया के तत्काल निरीक्षण, चौड़ीकरण और निर्माण कार्य शुरू होने तक अस्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है। साथ ही शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध धान पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी



**सूरजपुर संवाददाता/** कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देशन में जिले में अवैध धान के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर द्वारा धान खरीदी केंद्र दवनकरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक किसान द्वारा 36 बोरी पुराना धान विक्रय हेतु लाया गया पाया गया। नियमानुसार उक्त धान को मौके पर ही जप्त कर लिया गया तथा आगे की कार्रवाई हेतु संबंधित समिति को सुपुर्द किया गया।जिला प्रशासन द्वारा किसानों से कहा गया है शासन द्वारा धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए सारी सुविधाएं मुहैय्या कराई गई है साथ ही इस अवसर पर अपील की गई है कि वे केवल वैध एवं नियमानुसार ही धान का विक्रय करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने आर.ओ.एच. डिपो, पी.पी. यार्ड भिलाई का निरीक्षण किया



**बिलासपुर।** ब्रेक वैन के दोनों सिरों पर एर्गोनॉमिक कुशनयुक्त सीटें, आरामदायक फुटरेस्ट, बोतल रखने के होल्डर, वॉकी-टॉकी स्टैंड, कोट हुक, ग्रैब हैंडल तथा यूनिवर्सल चाबी युक्त लॉक की व्यवस्था दिनांक 20/12/2025 को श्री दयानंद, मंडल रेल प्रबंधक महोदय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर के द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ आर.ओ.एच. डिपो, पी.पी. यार्ड, भिलाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति, गतिविधियों तथा सुरक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के पी.पी. यार्ड, भिलाई में ब्रेक वैन के उन्नयन का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह कार्य रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत आर.एस.पी.(रोलिंग स्टॉक प्रोग्राम) कार्यक्रम के निर्देशों के अनुसार निष्पादित किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि में पी.पी.यार्ड, भिलाई द्वारा कुल 170 ब्रेक वैन का उन्नयन किया जाएगा।यह उन्नयन कार्य ब्रेक वैन में उपलब्ध सीमित सुविधाओं के कारण ट्रेन प्रबंधकों को होने वाली शारीरिक थकान को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। परियोजना के अंतर्गत ब्रेक वैन में कई महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं, जिनमें दोनों सिरों पर एर्गोनॉमिक कुशनयुक्त सीटें, आरामदायक फुटरेस्ट, बोतल रखने के होल्डर, वॉकी-टॉकी स्टैंड, कोट हुक, ग्रैब हैंडल तथा यूनिवर्सल चाबी युक्त लॉक की व्यवस्था शामिल है। इस क्रम में प्रथम उन्नत ब्रेक वैन स्ट्क्र 8709241205 (क्ङ्कष्टरू) में किए गए कार्य का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय कार्य की सराहना करते हुए मंडल रेल प्रबंधक रायपुर द्वारा इसका शुभारंभ किया गया।

### मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर श्री दयानंद ने आर.ओ.एच. डिपो, पी.पी. यार्ड के निरीक्षण के दौरान पी.पी. यार्ड, भिलाई में कंप्यूटरीकृत सिंगल वैगन टेस्ट रिग एवं कंप्यूटरीकृत रेक टेस्ट रिग का शुभारंभ किया

**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रबंधक रायपुर ने आर.ओ.एच. डिपो, पी.पी. यार्ड के विभिन्न अनुभागों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पी.पी. यार्ड, भिलाई में कंप्यूटरीकृत सिंगल वैगन टेस्ट रिग एवं कंप्यूटरीकृत रेक टेस्ट रिग के माध्यम से किए जाने वाले एयर ब्रेक परीक्षण कार्य का अवलोकन एवं शुभारंभ किया गया। आर.ओ.एच. एवं यार्ड परीक्षण अनुसूची के दौरान एयर ब्रेक परीक्षण कार्य सबसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्यों में से एक है। यह प्रणाली परंपरागत पद्धति की तुलना में पूर्णतः स्वचालित है, जिससे दोषों की आसान एवं त्वरित पहचान संभव होती है। इसके परिणामस्वरूप बहुमूल्य समय की बचत होती है तथा डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध होते हैं, जिन्हें किसी भी समय देखा जा सकता है।

## जिले में डीएलसीसी और डीएलआरसी की तिमाही बैठक हुई सम्पन्न

# कलेक्टर ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता पर दिया विशेष जोर..

**सूरजपुर/संवाददाता।** जिले में विकासोन्मुख वित्तीय गतिविधियों को तेज़ गति देने और बैंकों तथा सरकारी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से डीएलसीसी/डीएलआरसी की तिमाही बैठक आज जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन द्वारा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री विजेन्द्र सिंह पाटले ,आरबीआई एजीएम श्री सतेंद्र राठौर, डीडीएम श्री अनुपम तिवारी, एडीएम श्री आनंद प्रकाश मिंज विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत गत जिला स्तरीय बैठक की कार्यवृत्त से हुई जिस पर एलडीएम आनंद मिंज द्वारा प्रकाश डाला गया। जिसके पश्चात वित्तीय समावेशन और जिला स्तरीय विकास योजनाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जमा अग्रिम व ऋण जमा अनुपात, वार्षिक साख योजना (एसीपी) वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति, स्वयं सहायता समूह को नगद ऋण सीमा की प्रगति, स्वयं सहायता समूह को प्रदाय मुद्रा ऋण की प्रगति, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति पर, पशुपालन और मत्स्यपालन हेतु क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति, व्यक्तिगत, समूह व बैंक लिनकेज प्रगति, अंत्योदय स्वरोजगार योजना (एसटी, एससी) की प्रगति, प्रधान मंत्री सूर्यघर योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना की प्रगति, प्रधान मंत्री जनधन योजना की प्रगति पर क्रमवार




चर्चा की गई। इसके साथ ही डिजीटल पेमेंट को बढ़ावा देने की बात भी कही गई। कलेक्टर ने बैठक में बैंकर्स को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी प्रायोजित योजनाओं के सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करें ताकि जिले के अधिक से अधिक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। कलेक्टर ने मुद्रा लोन को लेकर वृहद चर्चा की, उन्होंने स्पष्ट किया कि मुद्रा लोन को प्राथमिकता दे और स्व सहायता समूह व अन्य को उद्यम और स्वरोजगार से जोड़ें। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि जिले में कृषि, लघु उद्योग, स्व-सहायता समूहों और स्वरोजगार योजनाओं के लिए ऋण वितरण को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय गतिविधियों में गति आये, इसे सभी केंद्र बिंदु पर रखे, बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाती है। बैठक के दौरान यह सुझाव भी दिया गया कि बैंक शाखाएं ग्राम स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम बढ़ाएं, निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की दिशा में अभियान चलाएं और डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देकर वित्तीय समावेशन को मजबूत करें।

# देर रात गन्ने की जब्ती कर कारखाना में कराया खाली

■ ग्राम कल्याणपुर में अवैध गन्ना परिवहन पर प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई



**सूरजपुर/ संवाददाता/** सूरजपुर कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिले के तहसील लटोरी अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर में गन्ने के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है की माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता क्षेत्र अंतर्गत उत्पादित गन्ने को एक ट्रक में लोड कर पश्चिम बंगाल की ओर अवैध रूप से परिवहन किए जाने का प्रयास किया जा रहा था।सूचना मिलते ही एसडीएम सूरजपुर के निर्देशन में तहसीलदार लटोरी के सहयोग से नायब तहसीलदार लटोरी श्री दिवाकर के नेतृत्व में राजस्व विभाग, मंडी विभाग सूरजपुर, पुलिस विभाग, गन्ना विभाग तथा शुगर फैक्ट्री केरता के प्रबंध संचालक एवं एमडी की उपस्थिति में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर संबंधित ट्रक को रात्रि लगभग 01 बजे रोककर शुगर फैक्ट्री केरता ले जाया गया। तत्पश्चात ट्रक में लोड गन्ने को नियमानुसार संबंधित किसान के नाम से कारखाना परिसर में सुरक्षित रूप से खाली कराया गया।उक्त कार्रवाई से गन्ने के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों के हितों के संरक्षण तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों के पालन हेतु इस प्रकार की संयुक्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# *अनूपपुर यार्ड में बीके 61 फाटक में बन रहे रोड ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के प्रगति में महत्वपूर्ण उपलब्धि.....*

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अनूपपुर यार्ड में स्थित समपार संख्या बीकेङ्क61 पर निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज (ऋह्क) के कार्य में एक महत्वपूर्ण चरण सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। इस क्रम में 54 मीटर लंबी आधुनिक बोङ्कस्ट्रिंग गर्डर की लांचिंग से पूर्व 02 रोलिंग बीम का स्थापना कार्य किया जा रहा है। यह रोड ओवर ब्रिज बहु-रेल लाइनों के ऊपर से सड़क यातायात को सुरक्षित रूप से ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रेल परिचालन पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बोङ्कस्ट्रिंग गर्डर की स्थापना अंडर-लांचिंग विधि से की जा रही है, जिससे रेल यातायात को



लंबे समय तक बाधित किए बिना निर्माण कार्य संभव हो सके। रोलिंग बीम की स्थापना के उपरांत, उच्च क्षमता वाली विंच मशीन की सहायता से बोङ्कस्ट्रिंग गर्डर को नियंत्रित एवं चरणबद्ध तरीके से अपने निर्धारित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। यह विशेष तकनीक सक्रिय रेल पटरियों के ऊपर कार्य करते समय संरचनात्मक सुरक्षा, स्थिरता एवं सटीकता सुनिश्चित करती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री राजमल खोईवाल के मार्गदर्शन में यह संपूर्ण कार्य रेलवे के अनुभवी अभियंताओं की कड़ी निगरानी में, निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए तथा सुव्यवस्थित ट्रैफिक्क ब्लॉकों के माध्यम से किया जा रहा है।

# मंदिर परिसर में मतांतरण के साथ मांसाहारी भोजन भी : हुआ भारी बवाल

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र के गणेश नगर स्लम बस्ती में मतांतरण की कोशिश के दौरान वहां रहने वालों को मंदिर परिसर में बुलाकर मांसाहारी भोजन परोस गया। साथ ही उन्हें मतांतरित करने का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी लगते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंचकर मतांतरण का विरोध करते हुए हंगामा करने लगे। इसकी सूचना पर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वहां लोगों से पूछताछ कर दो लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद बिना अनुमति कर कार्यक्रम आयोजित करने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।बजरंग दल के जिला संयोजक ङ्क गौरव धनकर ने बताया कि सिरगिट्टी क्षेत्र के गणेश नगर नयापारा स्थित शिव मंदिर परिसर में लोगों को उपहार और भोजन का लालच देकर मंगलवार को प्रार्थना सभा में बुलाया गया था। मंदिर परिसर में ही लोगों के लिए मांसाहारी भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसकी जानकारी लगते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता वहां पहुंचकर मतांतरण का विरोध करने लगे। इधर हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। वहां पर हंगामा करने वालों कोपुलिस ने किसी तरह शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने वहां मौजूद कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। सभा आयोजित कराने वालों से पूछताछ कीगई। तब पता चला कि बिना अनुमति कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पुलिस ने सभा आयोजित कराने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की संभागीय बैठक 29 से 31 दिसंबर के हड़ताल की बनी रणनीति...

**सूरजपुर संवाददाता-** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सरगुजा संभाग की संभागीय बैठक शनिवार, दिनांक 13 दिसंबर 2025 को सूरजपुर जिले में जिला चिकित्सालय के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के कर्मचारियों से जुड़ी लंबित मांगों, विशेषकर विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान घोषित मोदी की गारंटी को लागू कराने को लेकर आगामी आंदोलन की रणनीति तय करना रहा। बैठक में विशिष्ट रूप से लिपिक संघ प्रांताध्यक्ष संजय सिंह, प्रदेश लिपिक संघ प्रांताध्यक्ष रोहित तिवारी, स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ प्रांताध्यक्ष पंकज पांडेय, प्रधान पाठक संघ प्रांताध्यक्ष मनोज



कुमार साहू, संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष वर्मा, जिला संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन डॉ आर एस सिंह, श्रीमती प्रतिमा सिंह, तथा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के विभिन्न विभागों एवं संगठनों के पदाधिकारी व कर्मचारी नेता उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों के हित में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों से किए गए प्रमुख वादों को अब तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। इसी के चलते फेडरेशन द्वारा 29, 30 एवं 31 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित तीन दिवसीय निश्चित कालीन काम बंद-कलम बंद हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। सभा में उपस्थित फेडरेशन से संबद्ध समस्त कर्मचारी नेताओं ने एकमत होकर हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया और सभी कर्मचारियों से इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। नेताओं ने कहा कि जब तक कर्मचारियों की जायज मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उक्त आशय की जानकारी छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सूरजपुर के जिला महा सचिव इकबाल अंसारी द्वारा दी गई।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए ग्राहक सेवा एवं सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण भारतीय प्रबंधन संस्थान,रायपुर में आयोजित

■ रेलवे के टिकट चेकिंग स्टाफके लिए ग्राहक सेवा एवं सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने रेल कर्मियों को प्रोत्साहित किया




**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों से सीधे संपर्क में रहने वाले फ्रंटलाइन स्टाफके लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर, जो देश के अग्रणी प्रबंधन संस्थानों में से एक है, में 20 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। रेलवे के टिकट चेकिंग स्टाफके लिए ग्राहक सेवा एवं सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी ने रेल कर्मियों को प्रोत्साहित किया उन्होंने प्रशिक्षण लेने आए रेल कर्मियों का रेल प्रबंधन एवं रेल परिचालन विषय पर सेशन भी लिया। उन्होंने इस प्रशिक्षण को अपने आत्मसात करने, अपने व्यवहार से यात्रियों की संतुष्टि ही मुख्य ध्येय आपकी रेल सेवा का होना चाहिए। अपनी ड्यूटी को केवल ड्यूटी ना समझ कर यात्रियों के प्रति सेवाभाव से रेलवे के अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए। इस पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 20 दिसंबर 2025 से 24 दिसंबर 2025 तक आईआईएम, रायपुर में किया गया है। इस प्रशिक्षण में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों के कुल 45 टिकट चेकिंग कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और आईआईएम, रायपुर के बीच यह सहयोग न केवल दोनों संस्थानों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे यात्रियों के साथ व्यवहार और सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की अपेक्षा है। श्री प्रवीण पाण्डेय, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, के निर्देशन में आयोजित इस सेमिनार से जनता से नियमित रूप से संवाद करने वाले रेलवे स्टाफ अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने से भारतीय रेल की छवि एवं सेवा मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कौशिक मित्रा, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री शेषमणि पांडे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट रायपुर के प्रोफेसर उपस्थित रहे। टिकट चेकिंग स्टाफ में इस प्रशिक्षण को लेकर विशेष उत्साह है। उनके लिए यह प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने का पहला अवसर है, जो उनकी ग्राहक संतुष्टि क्षमता को सुदृढ़ करेगा तथा फ्रंटलाइन रेलवे कर्मचारियों के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल्स में और सुधार लाएगा।

# पूर्व मध्य रेलवे में राकेश रंजन होंगे बिलासपुर के नए डीआरएम

**बिलासपुर।** पूर्व मध्य के रेलवे हाजीपुर के आइआर एसएसई राकेश रंजन बिलासपुर रेल मंडल के नए डीआरएम होंगे। पश्चिम रेलवे मुंबई में पदस्थ सीएसई उमेश कुमार का बिलासपुर आने से इन्कार के बाद रेलवे बोर्ड ने नए डीआरएम की तलाश शुरू कर दी थी। गुरुवार को नए डीआरएम की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है।गतौरा-लालखदान रेल हादसे में सीआरएस की जांच रिपोर्ट के आधार पर रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर डीआरएम राजमल खोईवाल को पद से हटाकर उनका स्थानांतरण जारी किया। 10 दिसंबर के आदेश के तहत रेलवे बोर्ड ने पश्चिम रेलवे मुंबई में पदस्थ सीएसई उमेश कुमार को बिलासपुर डीआरएम पद की जिम्मेदारी दी। इस आदेश के बाद उम्मीद थी कि उमेश कुमार यहां का पद संभाल लेंगे। लेकिन, दूसरे ही दिन 11 दिसंबर को रेलवे बोर्ड के सचिव को आवेदन देकर डीआरएम पद पर किए गए अपने स्थानांतरण का पालन कर पाने में असमर्थता जताई है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वे अपने पुत्र की कक्षा 10 की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के कारण स्थानांतरण स्वीकार नहीं कर सकते। स्थानांतरण से बच्चे की शिक्षा प्रभावित होगी, वहीं उनकी पत्नी भी कार्यरत हैं। इसके साथ ही व्यक्तिगत व शैक्षणिक कारणों से पश्चिम रेलवे में ही कार्य जारी रखने की अनुमति और स्थानांतरण आदेश रद करने का अनुरोध किया। वरिष्ठ रेल अधिकारी के इस पत्र के बाद कई तरह की चर्चाएं होने लगी।



# सुंदरता बढ़ाने और सेहतमंद बनने के लिए इस्तेमाल करें तेजपत्ता

तेजपत्ते का इस्तेमाल केवल खाने में डालने तक ही सीमित नही हैं। कई लोगों को ये जानकर हैरानी हो सकती है कि तेजपत्ते के इस्तेमाल से आप अपनी त्वचा व बालों को भी फायदा पहुंचा सकते हैं। आइए, जानते हैं कि किस तरह से आप तेजपत्ते को अपनी सुंदरता बढ़ाने और सेहतमंद बनने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

- चेहरे पर दाग, धब्बे या मुहांसे होने पर तेजपत्ता काफी लाभदायक होता है। तेजपत्ते का लेप या फिर तेजपत्ता डालकर उबाले गए पानी से चेहरा धोना, चेहरे को साफ और बेदाग बनाए रखने में मदद करता है।
- तेजपत्ते का पानी सूर्य की किरणों से प्रभावित त्वचा को भी ठीक करने में मदद करता है, और त्वचा की रंगत को समान बनाए रखने में मदद करता है।
- बालों को नर्म, मुलायम और चमकदार बनाए रखने के लिए तेजपत्ते का उपयोग बेहद असरकारक होता है। आप चाहें तो इसे तेल में डालकर उस तेल को बालों की जड़ों में लगा सकते हैं, या फिर इसके पानी से बालों को धो सकते हैं।
- तेजपत्ते का लेप बनाकर बालों में लगाने से रूसी की समस्या से निजात मिल सकती है। इसे लेप को दही में मिलाकर भी लगाया जा सकता है, ताकि सिर की त्वचा में नमी बनी रहे और पोषण भी मिले।
- तेजपत्ते को सुखाकर उसके पाउडर को मंजन की तरह इस्तेमाल करना, दांतों की सफेदी और चमक बरकरार रखने में कारगर है। आप चाहें तो इसे सप्ताह में एक दिन आजमा सकते हैं।
- अगर किसी को काफी समय से कमर दर्द हो, तो इस काढ़े को पीने से जल्दी आराम मिलता है। आप चाहें तो कमर पर तेजपत्ते के तेल से मालीश भी कर सकते है।
- शीत लहर से होने वाले शारीरिक दर्द को भी ये काढ़ा दूर करने में मदद करता है। इसके लिए आप 10 ग्राम तेजपत्ता, 10 ग्राम अजवायन और 5 ग्राम सौंफ को एक साथ पीसकर मिश्रण तैयार कर लें। अब इस मिश्रण को 1 लीटर पानी में डालकर अच्छी तरह से उबाल लें। जब पानी उबलने के बाद 100-150 मिलीलीटर बच जाए तो गैस बंद कर दें। कुछ देर बाद जब ये मिश्रण ठंडा जाएगा तो आपका काढ़ा पीने के लिए तैयार है।
- अगर कही पर मोच आ गई हो, तो सूजन और दर्द से राहत देने में तेजपत्ते का काढ़ा सहायक होता है। आप चाहें तो तेजपत्ता को पीसकर उसका लेप भी दर्द वाली जगह पर लगा सकते हैं इससे भी राहत मिलती है।
- अगर नसों में सूजन हो या नसों में खिंचाव, तो भी तेजपत्ते का काढ़ा आराम पहुंचाता है।





# गठिया का दर्द सोख लेती हैं ये चीजें

**आर्थराइटिस पेन को गठिया का दर्द भी कहा जाता है। जिसे कम करने के लिए कुछ चीजों का सेवन करना चाहिए। शोधों में इन फूड्स को दर्द और इंफ्लामेशन से छुटकारा दिलाने वाला पाया गया है।**

बुढ़ापे के साथ जोड़ों का दर्द भी आना आम बात है। इस रोग को गठिया या आर्थराइटिस भी कहा जाता है। उम्र के साथ घुटनों, कोहनी आदि हड्डी के जोड़ों की मूवमेंट कम होने लगती है और इंफ्लामेशन बढ़ने लगती है। जिसकी वजह से सूजन, दर्द, अकड़न जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। इस बीमारी में कुछ एंटी-इंफ्लामेटरी फूड्स रामबाण साबित हो सकते हैं। इन खाद्य पदार्थों में दर्द को कम करने वाली शक्ति होती है। इसलिए घर के बड़े-बुजुर्गों को इन चीजों का सेवन जरूर करवाएं।

### सेब है गठिया का इलाज

सेब खाकर गठिया के दर्द से राहत पाई जा सकती है। क्योंकि, इसे मोटापे से आई सूजन व इंफ्लामेशन को कम करने में मददगार देखा गया है। जिससे मोटापे के शिकार लोगों में जोड़ों के दर्द में भी कमी देखी गई।



### खाने में अच्छी तरह डालें अदरक और हल्दी

अदरक और हल्दी को आयुर्वेद में कई रोगों की दवा माना जाता है। क्योंकि यह एंटी-इंफ्लामेटरी गुणों का भंडार हैं। इन्हें औषधि या भोजन के रूप में लेने पर दर्द, सूजन आदि लक्षणों से राहत पाई जा सकती है।

### स्ट्रॉबेरी, क्रैनबेरी, ब्लैकबेरी

सभी बेरीज में विटामिन सी और अन्य एटीऑक्सीडेंट्स की भरमार होती है। आर्थराइटिस फाउंडेशन के मुताबिक, इनमें गठिया से लड़ने वाले गुण होते हैं।

### मशरूम है लाभदायक

मशरूम के अंदर फेनोलिक, इंडोलिक, मायकोस्टेरोइड्स, फैटी एसिड, कैरोटेनोइड्स, विटामिन और बायोमेटल जैसे कई सारे एंटी-इंफ्लामेटरी कंपाउंड होते हैं। यह सभी तत्व आर्थराइटिस के इलाज में मदद करते हैं।

### अनार खाने के फायदे

अनार के अंदर टैनिन काफी मात्रा में होते हैं। इनमें एंटी-इंफ्लामेटरी गुण पाए जाते हैं। जो घुटनों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं। इसलिए गठिया के मरीजों के लिए इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है

# पके कटहल को करें डाईट में शामिल



कटहल हर कोई खाना पसंद करता है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। पके कटहल में प्रोटीन भी बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम हृदय संबंधी समस्याओं को दूर रखने में मदद करता है। कटहल आपके लिवर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। तो चलिए आपको बताते हैं कि पका कटहल खाने से आपकी सेहत को और कौन-कौन से फायदे हो सकते हैं.

### कटहल के पत्ते भी हैं फायदेमंद

कटहल ही नहीं बल्कि उसके पत्ते भी आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। जिनके मुंह में छाले की समस्या होती है उन्हे कटहल के पत्ते को चबाना चाहिए। इससे उनकी मुंह के छालों में काफी आराम मिलेगा।

### पाचन मजबूत

गर्मियों में यदि आपको खाना नहीं पच पाता तो आप पके हुए कटहल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करके आपका वजन सुधारने में भी मदद करता है।

### इम्यूनिटी होगी स्ट्रांग

पके कटहल में विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन-सी आपके शरीर में एक एंटीऑक्सीडेंट के रुप में कार्य करता है। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। साथ ही यह आपके शरीर के लिए इम्यूनिटी बूस्टर की तरह काम करता है।

### लिवर रहता है स्वस्थ


पके कटहल का सेवन करने से आपका लिवर भी स्वस्थ रहता है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके लिवर को मजबूत बनाते हैं। इसमें राइबोफ्लेविन, जिंक, कॉपर और नाइसिन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो लिवर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

### दिल रहेगा स्वस्थ

पका हुआ कटहल आपके हृदय के लिए भी बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

### वजन होगा कम

पके हुए कटहल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं जो आपके शरीर में बढ़ते हुए मोटापे को रोकने में मदद करते हैं। इसका अलावा इसे रेसवेरास्ट्रॉल नाम के एंटीऑक्सीडेंट का भी बहुत ही अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह आपके रक्त के संचार को कंट्रोल करन में भी मदद करता है।



# दिल की बीमारी के खतरे को कम करता है सरसों का तेल

**सरसों को तेल हमारे किचन में बहुत आसानी से उपलब्ध होता है और यह हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा भी होता है। लेकिन क्या आपको यह पता है कि यह हमारे हार्ट हेल्थ के लिए कितना अच्छा है। सरसों के तेल की खासियत बहुत कम लोगों को पता है। सरसों का तेल विटामिन, मिनरल्स, कैल्शियम और आयरन जैसे तत्वों से भरपूर होता है, जो आपको सेहतमंद रखने में मदद करते हैं। यह आपके हार्ट के लिए कैसे अच्छा और इसके फायदे क्या है।**

### अल्फा-लिनोलेनिक एसिड

सरसों के तेल में अल्फा-लिनोलेनिक एसिड पाया जाता है, जो एक प्रकार का ओमेगा-3 फैटी एसिड है और यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। आमतौर पर यह ह्रदय रोगों को नियंत्रित करने में मदद करता है।

### कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल करता है

सरसों के तेल के प्रत्येक 100 ग्राम में करीब 60 से 70 प्रतिशत मोनोअनसैचुरेटेड फैट होता है, जो कि गुड फैट है और कोलेस्ट्रोल के स्तर को कम करने में मदद करता है । यह हर्ा डिजीज के रिस्क को भी कम करता है।

### हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है

रिसर्च गेट में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, सरसों के तेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो ह्रदय की सेहत को सुरक्षित रखने मदद कर सकते हैं। इन तत्वों के नियमित सेवन से ह्रदय रोग का खतरा कम हो जाता है।

### इन्फ्लेमेशन को कम करना

सरसों के तेल में एंटी-इन्फलेमेटरी प्रॉपर्टी के गुण भी होते हैं, जो शरीर में होने वाले किसी भी प्रकार के इन्फलेमेशन को कम कर सकते हैं। यह ह्रदय संबंधी समस्याओं के रिस्क को कम करने में मदद करता है।

### इम्युनिटी स्ट्रांग होती है

सरसों के तेल में मौजूद विटामिन और खनिज तत्व शरीर को मजबूत बनाते हैं। जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और हार्ट सहित कई बीमारियों के होने का खतरा और भी कम होता है।



**कोई भी बीमारी सेहत के लिए अच्छी नहीं होती। इन दिनों खराब लाइफस्टाइल और गलत खान-पान के कारण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी डाइट और व्यायाम करना बहुत ही जरूरी है। एक्सरसाइज करने से आपका शरीर एकदम फूर्तीला रहता है और आप बीमारियों से भी दूर रहेंगे। आज आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज बताएंगे जो आपके हार्ट के साथ-साथ आपके स्वस्थ शरीर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होगी। तो चलिए जानते हैं उनके बारे में.**

# दिल रहेगा एकदम स्वस्थ रुटीन में ये ट्राई करें

### कार्डियो एक्सरसाइज करें

हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप कार्डियो एक्सरसाइज को अपनी डेली रुटीन में शामिल कर सकते हैं। इसमें जॉगिंग, साइकिलिंग और वॉक भी शामिल हैं। इससे आपके हृदय की गति तेज होगी और साथ में हृदय की मांसपेशियों की भी एक्सरसाइज होगी।

### स्ट्रेचिंग और वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज

आप अच्छे स्वास्थ्य और दिल को स्वस्थ रखने के लिए वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज और स्ट्रेचिंग भी कर सकते हैं। स्ट्रेचिंग करने से आपके शरीर में लचीलापन आता है। साथ ही वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज करने से आपका वजन कंट्रोल में रहता है और शरीर में ताकत भी आती है। वेट लिफ्टिंग एक्सरसाइज में आप पुशअप्स, स्क्वैट्स, पुलअप्स जैसी एक्सरसाइज को अपनी रुटीन का हिस्सा बना सकते हैं।

### जंपिंग जैक एक्सरसाइज करें

जंपिंग जैक एक्सरसाइज आपके हेल्दी हार्ट के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इससे आपका हृदय स्वस्थ रहता है। इससे हृदय की गति भी बहुत अच्छे से होती है।

### कैसे करें जंपिंग जैक एक्सरसाइज

.सबसे पहले आप सीधे खड़े हो जाएं।
.इसके बाद ऊपर की ओर उछलें और अपने हाथों को भी ऊपर उठा लें। .हाथ उठाने के बाद पैरों को भी फैला लें। ऐसे ही 10-15 मिनट तक करें और फिर नीचे नार्मल पॉजिशन में आ जाएं।

### हर्डल जंप करें

आप हृदय को स्वस्थ रखने के लिए आप हर्डल जंप एक्सरसाइज भी कर सकते हैं। इसमें आप किसी हर्डल को लेकर उसके ऊपर से जंप करें। आप डंबल, बॉक्य या फिर किसी स्टेपर का हर्डल के रुप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इन चीजों को आप उछल कर पार करें। इस एक्सरसाइज से आपकी हार्ट बीट तेज होगी। हार्ट बीट तेज होने से आपका दिल मजबूत बनेगा।

### बर्पी एक्सरसाइज करें

बर्पी एक्सरसाइज आपकी बाजुओं , टांगों और छाती के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इस एक्सरसाइज में स्क्वाट, पुशअप, जंपिंग तीनों चीजें एकसाथ की जाती है। यह तीनों एक्सरसाइज आपको एक सैट में ही करनी पड़ती हैं। इस एक्सरसाइज से आपकी हृदय गति तेज होगी और दिल की धड़कन एकदम नॉर्मल हो जाएगी।



# दाऊ कल्याण महाविद्यालय में नवीकरणीय ऊर्जा विषय पर स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन






**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाज़ार में नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण, जिला कार्यालय बलौदाबाजार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में रजत जयंती नवाचार प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ए आर सी जेम्स द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा भविष्य की आवश्यकता है और युवाओं की भागीदारी से ही स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण का सपना साकार हो सकता है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा तथा ऊर्जा संरक्षण जैसे विषयों पर आकर्षक स्लोगन और सृजनात्मक चित्र प्रस्तुत किए। स्लोगन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कम शब्दों में सशक्त संदेश देकर सभी को प्रभावित किया, वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में रंगों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा और हरित भविष्य का सुंदर चित्रण किया गया। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का चयन किया गया तथा विजेता विद्यार्थियों को क्रेडा विभाग से आए अनिल कुमार बिंझवार उप अभियंता जिला प्रभारी एवं करण सोनी उप अभियंता क्रेडा बलौदाबाजार द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चित्रकला में प्रथम तनिषा पटेल, द्वितीय पल्लवी रात्रे, तृतीय लीना साहू रही। स्लोगन में कीर्ति ध्रुव प्रथम, टीनेश्वरी वर्मा द्वितीय, दीपांशु ध्रुव के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति से नरेंद्र देव मिर्झा रासेयो जिला संगठक ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूक रहने और अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण अपनाने का संदेश दिया।

# पीयूष मिश्रा, पार्षद भिलाई नगर निगम को राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का दुर्ग जिला का अध्यक्ष किया गया नियुक्त



**भिलाई :** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की स्वीकृति से एवं राष्ट्रीय महासचिव शशि कांत तिवारी की अनुशंसा पर पीयूष मिश्रा, पार्षद भिलाई नगर निगम को दुर्ग जिला राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, दिनांक 20 दिसंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के भिलाई आगमन पर एक कार्यक्रम के तहत पीयूष मिश्रा को ब्राह्मण समाज के समर्पित भाव से सेवा करने और सक्रियता को देखते हुए।

दुर्ग जिला राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पद की नियुक्ति का पत्र सौंपा गया, और उपस्थित जनों ने फुल माला पहनाकर भव्य स्वागत कर बधाई दी,इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशि कांत तिवारी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अभिषेक पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, संभागीय महासचिव दीपक मिश्रा,अरुण पंडा, रविंद कुमार, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, निखिलेश शुक्ला, अनुराग द्विवेदी, ब्रजेश शर्मा, नमिता शर्मा, सुमन पांडे, बृजमोहन तिवारी, राकेश दूबे, नंदू शर्मा, अजय शर्मा, संतोष शर्मा, जितेंद्र तिवारी, चंद्र शेखर पांडे, प्रीति दुबे, प्रीति बेहरा, मंजरी दुबे, लीना दुबे, अनीता पांडे, विभा मिश्रा, गोदावरी पांडे, अनिल शुक्ला, अविनाश तिवारी, किशोर तिवारी, संतोष अवस्थी, आनंद महाराज, शिव शर्मा, राजेश पांडे ने स्वागत करते हुए बधाई दी, और विश्वास प्रकट किया कि दुर्ग जिले में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज को पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में एक मजबूती मिलेगी और संगठन मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा, कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने किया।

# वार्ड 21में क्रांकीट सड़क निर्माण के लिए न.पा. अध्यक्ष अशोक जैन ने किया भूमिपूजन



**बलौदाबाजार।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 21 में कांक्रीट सड़क निर्माण किये जाने नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा भूमि पूजन कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराया गया, उक्त निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित कार्य योजना के अनुरूप राशि स्वीकृत होने उपरांत विकास कार्य पूर्ण कराए जाने भूमि पूजन किया गया व विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर कर कुदाल चलाकर कार्य आरंभ कराया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी साथ में वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद व उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले,पार्षद सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला,वार्ड के अजय त्रिवेदी व अन्य वार्ड वासियों की उपस्थिति में पूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर न.पा. अध्यक्ष जैन द्वारा तैयार कार्य योजना के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने निर्देशित किया गया एवम शासन के द्वारा नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव सहयोग किये जाने की बात कही गई तथा वार्ड का भ्रमण कर वार्ड वासियों से चर्चा की गई।

# रिसाली के 237 लोगों का मकान बनाने का सपना होगा पूरा

## शासन ने किया स्वीकृत, भुगतान के लिए 25 की सूची का चयन





**रिसाली।** पूरे देश में चल रहे शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के तहत रिसाली के 237 लोगों का मकान बनाने का सपना पूरा होगा। आर्हता पूरी करने वाले जरूरतमंदो की सूची को शासन ने स्वीकृत कर लिया है। इसके अलावा 25 ऐसे लोग जो मकान बनाने का शुरू कर दिया है उन्हें राशि उपलब्ध कराने सूची भेजा गया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि मोर जमीन मोर आस घटक के तहत नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के नागरिकों का मकान का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री आवास के लिए निर्धारित माप दण्ड को पूरा करने वाली 237 लोगों की सूची को शासन ने स्वीकृत कर दी है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 86 लोगों के खाते में निर्धारित किश्त के अनुसार शासन ने राशि हस्तांतरण कर दी है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि 18 माह में आवास पूर्ण करने और गृहप्रवेश कराने पर शासन हितग्राहियों को 32850 रूपए प्रोत्साहन राशि भी देगी। उन्होंने सभी हितग्राहियों से अनुरोध की है कि शासन के दिशा निर्देश के अनुसार मकान निर्माण कार्य पूर्ण कर प्रोत्साहन राशि का लाभ ले। प्रधानमंत्री आवास 2.0 के तहत निगम क्षेत्र में पात्र हितग्राही की तलाश करने सर्वे किया जा रहा है। छुटे हुए हितग्राही का नाम नए सूची में जोड़ा जाएगा। हितग्राही दस्तावेज का परीक्षण कराने सीधे निगम कार्यालय के प्रधानमंत्री आवास शाखा में संपर्क कर सकते है।

# वॉर्ड पार्षद ललिता कुमार साहू ने खुड़मुड़ा में सीसी रोड और चबूतरा निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन



**अमलेश्वर।** नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर क्षेत्र के रानी दुर्गावती वार्ड 06 खुड़मुड़ा में सीसी रोड और चबूतरा निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। पांच बालिकाओं ने श्रीफल तोड़कर किया शुभारंभ। वार्ड पार्षद ललिता कुमार साहू ने मीडिया को बताया कि लंबे समय से वार्ड में विकास की गति रुक गई थी, जिसे अब भाजपा की विष्णु देव सरकार में शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना भाजपा सरकार की नीति है, जो अब धीरे-धीरे पूरी हो रही है।यह पहल वार्ड के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।इस तरह के विकास कार्यो से वार्डवासियों को फायदा मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद खूबी राज सोनकर, छाया पार्षद धर्मेंद्र सोनकर, फेरहा राम धीवर, पार्षद प्रतिनिधि कुमार साहू, प्रकाश कश्यप, शिवा साहू और कई ग्रामवासी मौजूद रहे।

# आयुक्त ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क, नाला, साफ-सफाई सहित पेवर ब्लाक का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा सुपेला कर्मा चौक से परदेशी चौक बघवा मंदिर तक निर्माणाधीन डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किया गया। सड़क निर्माण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किये हैं। शकुंतला स्कूल होते हुए वार्डो के साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए रामनगर क्षेत्र पहुंचे। रामनगर में पूर्व से नाला निर्मित है, बारिश के समय डूबान क्षेत्र होने के कारण पानी भर जाता है। उक्त नाला के दोनो किनारे बारिश से पूर्व दिवाल का निर्माण कराने निर्देशित किये है। आयुक्त ने मुक्तिधाम स्कूल परिसर में पूर्व से लगे पेवर ब्लाक का अवलोकन किये। स्कूल के मैदान में समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहते है, जिसके कारण पेवर ब्लाक बीच-बीच से उखड़ गया है। उक्त पेवर ब्लाक को व्यवस्थित कराने अभियंता को निर्देशित किये है। कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी साहनी उपस्थित रहे।

# जनहित में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर, बेमता के लिए एक सराहनीय पहल

**तिल्दा-नेवरा।** ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, विशेषकर नेत्र रोगों के मामले में। इसी आवश्यकता को समझते हुए ग्रामीण साहू संघ बेमता एवं एम.जी.एम. नेत्र संस्थान, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम बेमता में एक निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो निश्चित रूप से जनहित में एक अत्यंत प्रशंसनीय और अनुकरणीय पहल है। यह शिविर रविवार, 21 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक, साहू समाज भवन, बेमता में आयोजित होगा। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें मोतियाबिंद की जाँच एवं उपचार की सुविधा अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। आज के समय में मोतियाबिंद एक सामान्य लेकिन गंभीर नेत्र रोग है, जो समय पर उपचार न होने पर अंधत्व का कारण बन सकता है। ऐसे में इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होते हैं। इस महत्वपूर्ण आयोजन की जानकारी तहसील साहू संघ तिल्दा युवा प्रकोष्ठ के सचिव पोषण साहू जी द्वारा साझा की गई। उन्होंने बताया कि शिविर के आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे इस शिविर की सूचना अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, विशेषकर उन बुजुर्गों और गरीब परिवारों तक, जो आर्थिक कारणों से नेत्र उपचार नहीं करवा पाते। ग्रामीण साहू संघ बेमता द्वारा यह प्रयास न केवल सामाजिक दायित्व का परिचायक है, बल्कि यह समाज के प्रति सेवा भाव और संवेदनशीलता को भी दर्शाता है। ऐसे आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और लोग समय रहते अपनी आँखों की जाँच कराकर गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं।

# जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**बलौदाबाजार।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास के नेतृत्व में गुड गवर्नेंस वीक (सुशासन सप्ताह) के अवसर पर प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान को जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड लाइन एवं महिला सशक्तिकरण केंद्र की संयुक्त टीम द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को जिले के ग्राम लाहोद, तरेंगा, बनसांकरा, अमेरा एवं छरछेद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान बाल विवाह के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही बच्चों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप योजना, फोस्टर केयर तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में बच्चों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई जा रही है। इसके साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी जा रही है और शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# टोकन को लेकर परेशान किसानों ने किया राष्ट्रीय राजमार्ग जाम

**बलरामपुर।** जिले के राजपुर धान खरीदी केंद्र में टोकन की समस्या को लेकर परेशान किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 को जाम कर दिया। किसानों का कहना है कि वे बीते पंद्रह दिनों से धान बेचने के लिए टोकन कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। धान खरीदी केंद्र के साथ-साथ ऑनलाइन के माध्यम से भी बार-बार प्रयास करने के बावजूद उनका टोकन नहीं कट पा रहा है। टोकन की समस्या से आक्रोशित किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया और टोकन जारी करने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। चक्का जाम की सूचना मिलते ही एसडीएम देवेंद्र प्रधान मौके पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि धान खरीदी की सीमा मांत्र 2000 क्विंटल थी जो पूर्ण हो चुकी है। वहीं अभी 19 जनवरी तक के टोकन पहले से कटे हुए हैं। यदि समय रहते लिमिट नहीं बढ़ाई गई तो कई किसान धान बेचने से वंचित रह जायेंगे।



# सींवार गांव के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में ताला तोड़ने का प्रयास



**रायगढ़.।** धरमजयगढ विकासखंड अंतर्गत बीती रात सिंवार गांव के सरकारी राशन दुकान का ताला टूटने से बच गया निःसंदेह इस घटना में अज्ञात चोर ताला तोड़कर राशन पार करने के फ़िराख में थे लेकिन ऐन के प्रकार ऐसा नहीं हो सका जो कहीं न कहीं राहत की बात है । जानकारी अनुसार बीती रात धरमजयगढ क्षेत्र के ग्रामपंचायत सिंवार के शासकीय उचित मूल्य की गोडाउन में चोरों ने धावा बोल दिया था और दुकान का ताला तोड़ने का भरसक प्रयास किया गया बताया जा रहा है चोर सरकारी राशन दुकान के रूम का ताला तोड़ने में आरी का स्तेमाल किए है लेकिन किन्हीं कारणों से अपने मंसूबे में वे कामयाब न हो सके लिहाजा उल्टे पांव वापस लौट गए। सुबह जब इस चोरी की वारदात की खबर गांववासियों को हुई तो पूरे गांव में बात जंगल में लगे आग की तरह फैल गई लोग सख्ते में आ गए बाद में घटना की जानकारी दुकान संचालक को दी गई सूचना पर घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए दुकान संचालक द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से सर्वप्रथम घटना की शिकायत धरमजयगढ थाने में दे गई । फिलहाल सूचना पर पुलिस गंभीरता से आगे की आवश्यक जांच कार्रवाई कर रही है।

# 22 दिसंबर को पाटन में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक में आंदोलन को सफल बनाने बनेगी रणनीति

## मोदी की गारंटी अमल में नहीं आने से प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी 29, 30, 31 दिसंबर को आंदोलन की राह पर : महेन्द्र कुमार साहू



**दुर्ग।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक पाटन के संयोजक महेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक पाटन की बैठक दिनांक 22/12/2025 को समय 01 बजे जनपद सभा कक्ष में आयोजित किया गया है उक्त बैठक में फेडरेशन से संबद्ध सभी विभागों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण व पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे व आंदोलन को सफल बनाने के लिए रणनीति पर विचार करेंगे। प्रदेश के शासकीय अधिकारी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र की तिथि से 'महंगाई भत्ता व महंगाई राहत प्राप्त नहीं हो रहा है जबकि महंगाई दर लगातार बढ़ रही है ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व कर्मचारियों के मंच से तथा अपने घोषणापत्र में मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम से प्रदेश के कर्मचारियों को देय की तिथि से महंगाई भत्ता पूर्व की एरियर्स राशि सहित देने का वादा किया था। सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया है, किन्तु महंगाई भत्ता के लिए की गई घोषणा, चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने क्रियान्वयन तथा सातवें वेतनमान के अनुसार महंगाई भत्ता,गृहभाड़ा भत्ता,पंचायत सचिवों के शासकीय करण सहित अन्य मांगों पर अमल नहीं किया जा रहा है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक पाटन के संरक्षक टिकेंद्र वर्मा ने बताया कि देश के अन्य भाजपा शासित राज्य अपने कर्मचारियों को केन्द्र के समान जुलाई 2025 से महंगाई भत्ते के भुगतान की घोषणा आदेश कर चुकी हैं। इसके साथ ही हमारी सरकार ने प्रदेश के अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को भी कमेटी गठित कर 100 दिनों के भीतर नियमित करने का वादा किया था जिस पर भी निर्णय नहीं लिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य 6बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को उम्मीद थी कि मध्यप्रदेश से बेहतर आर्थिक स्थिति होगी लेकिन पचीस साल बाद भी कर्मचारियों की आर्थिक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि से महंगाई भत्ता की घोषणा कर चुकी है। सरकार के कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा के सभी मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन व फेडरेशन से संबद्ध संगठनों के सभी पदाधिकारी गण अपने विभागीय कर्मचारी साथियो सहित अधिक से अधिक संख्या में 29,30 एवं 31 दिसंबर-2025 को तीन दिवसीय निश्चितकालीन काम-बंद, कलम बंद हड़ताल पर जा रहे है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com